

दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक K✌K

RNI No.61546/95

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-30 अंक-73 नर्मदापुरम (होशंगाबाद) रविवार 28 अप्रैल 2024 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


## संदेशखाली में छापेमारी को लेकर भड़की टीएमसी

### सीबीआई-एनएसजी के खिलाफ चुनाव आयोग से की शिकायत

कोलकाता (आरएनएस)। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने शनिवार को भारतीय निर्वाचन आयोग (ईसीआई) को पत्र लिखा। टीएमसी ने पत्र के जरिए उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली में शुक्रवार को सीबीआई और राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) की छापेमारी का विरोध किया। टीएमसी ने कहा कि जब लोकसभा चुनाव का दूसरा चरण चल रहा था, तब केंद्रीय एजेंसियों ने 'बदनाम' करने की नीयत से तलाशी स्थल पर हथियार रखे गए, ऐसा अंदेशा है।

सीबीआई ने शुक्रवार दोपहर एक महत्वपूर्ण ऑपरेशन में संदेशखाली में निलंबित तृणमूल कांग्रेस नेता शेख शाहजहां के एक रिश्तेदार के आवास से भारी मात्रा में विदेशी और देसी हथियार, विस्फोटक और बम बरामद किए।



बाद में एनएसजी के कमांडो भी उस तलाशी अभियान में सीबीआई अधिकारियों के साथ शामिल हो गए थे।

ईसीआई को दी गई अपनी शिकायत में, तृणमूल कांग्रेस ने सीबीआई पर आगामी लोकसभा चुनाव के दौरान अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस (एआईटीसी) की छवि खराब करने के लिए मतदान के दिन संदेशखाली में एक खाली स्थान पर छापेमारी करने का आरोप लगाया है। शिकायत की एक प्रति आईएएनएस के पास भी है। इसमें दावा किया गया है कि जब शुक्रवार दोपहर को पश्चिम बंगाल में तीन लोकसभा सीटों के लिए मतदान चल रहा था, तब सीबीआई अधिकारियों ने संदेशखाली में खाली स्थानों पर छापेमारी की। शिकायत में सत्ता पक्ष ने ऑपरेशन में एनएसजी कमांडो को शामिल करने पर भी सवाल उठाए हैं।आयोग को लिखे पत्र में तृणमूल कांग्रेस ने भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व पर नियमित रूप से तृणमूल कांग्रेस नेतृत्व को निशाना बनाने का भी आरोप लगाया है। इसके साथ ही दोहराया कि राज्य सरकार के किसी भी प्रतिनिधि की गैरमौजूदगी में, हथियारों और गोला-बारूद की कथित बरामदगी।

## डिवाइन हीलिंग मंडल ने पंजाब में अग्रणी रिग्रेशन थेरेपी प्रमाणन की शुरुआत की

जालंधर (आरएनएस)। पंजाब में समग्र उपचार पद्धतियों के लिए एक अग्रणी प्रयास में, प्रसिद्ध डिवाइन हीलिंग मंडल ने क्षेत्र के टैसो (ट्रांसपर्सनल रिग्रेशन थेरेपी में डिप्लोमा) प्रमाणित पेशेवरों के उद्घाटन बैच के स्नातक समारोह का आयोजन किया। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में प्रशंसित विदेशी प्रतिनिधि, चिकित्सक, लेखक और टैसो के संस्थापक हंस टेंडम की गरिमामयी उपस्थिति ने चार चांद लगा दिए। 26 अप्रैल को जालंधर के अर्बन एस्टेट फेज II में होटल इम्पेरिया सूट में आयोजित इस समारोह में 12 प्रतिभागियों - ट्रनम खख, अमरीन खख, नेहा मथारू, कृति सेंगर, आशीष गौतम, शवेता भारद्वाज, अंजू सैनी, दिनद्युति कपूर, रुचिका सोनी, प्रियंका खरबंदा, अमन खुराना और अनिला सोढ़ी ने महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की।



*आप नेता स्वाति मालीवाल ने नई दिल्ली में पार्टी उम्मीदवार राजेश ऋषि के समर्थन में लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार किया।*

## बच्चों के जरिए हो रही ड्रग पैडलिंग, 40 लाख की अफीम के साथ नाबालिग गिरफ्तार

चतरा (आरएनएस)। ड्रग पैडलर अब अफीम, ब्राउन शुगर, गांजा की खेप एक से दूसरी जगह पहुंचाने के लिए बच्चों का इस्तेमाल कर रहे हैं। झारखंड के चतरा जिला अंतर्गत सिमरिया में पुलिस ने एक नाबालिग बालक को 40 लाख रुपये की अफीम के साथ पकड़ा है। सिमरिया एसडीपीओ अजय केसरी ने बताया कि नाबालिग के जरिए तस्करी कराने वाले माफिया को चिन्हित कर लिया गया है। उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक विकास पांडेय को गुप्त सूचना मिली थी कि अफीम की बड़ी खेप तस्करी के लिए हजारीबाग ले लाई जा रही है। इसपर टीम गठित की गई, जिसने चतरा-हजारीबाग मुख्यपथ पर स्थित बलबल मंदिर के समीप बस का इंतजार कर रहे नाबालिग से शक के आधार पर पूछताछ की तलाशी ली। तलाशी के दौरान उसके पास से आठ किलोग्राम अफीम बरामद किया गया। बरामद अफीम का बाजार मूल्य एनसीबी की ओर से तय दर के अनुसार करीब 40 लाख रुपये है।

### मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने ग्वालियर एवं गुना लोकसभा क्षेत्र में चुनावी जनसभाओं को संबोधित किया

## कांग्रेस ने श्रीराम के आमंत्रण को ठुकराकर महापाप किया है, ये कांग्रेस का अहंकार है : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

ग्वालियर-गुना,(आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को ग्वालियर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी भारत सिंह कुशवाह के समर्थन में करेरा विधानसभा एवं गुना लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी व केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के समर्थन में कोलारस विधानसभा के बदरवास एवं बामोरी विधानसभा के म्याना में आयोजित जनसभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि एक समय चंबल के बीहड़ों में डाकुओं का आतंक था। दिन-दहाड़े डाकू लोगों को उठा ले जाते थे, लेकिन इन डाकुओं के राज में कांग्रेस ने लोगों को लावारिस छोड़ दिया। कांग्रेस की तत्कालीन सरकार उनकी रक्षा तक नहीं कर पाई। इसके बाद भाजपा की सरकार ने चंबल के बीहड़ों से डाकूओं का पूरा सफाया कर दिया और अब ऐसा ही सफाया कांग्रेस पार्टी का भी करना है। कांग्रेस पार्टी



वोट की भूखी है। देश के जवानों और देश के किसानों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी ने उनका सम्मान दिलाया। हमारी सरकार गरीबों की सरकार है, सबको साथ लेकर चलने वाली सरकार है।मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि कांग्रेस ने श्रीराम के आमंत्रण को ठुकराकर महापाप किया है, ये कांग्रेस का अहंकार है। कांग्रेस के नेता हमेशा से श्रीराम मंदिर के निर्माण में अड़ंगा लगाते रहे। उन्होंने कभी भी श्रीराम मंदिर की चिंता नहीं की। वे तो श्रीराम मंदिर के नाम पर अपनी राजनीति चलाते रहे, हिन्दु-मुसलमानों के बीच में फूट डालते रहे, लेकिन जब सुप्रीम कोर्ट का निर्णय आया तो पूरे देश ने उच्चतम न्यायालय के इस निर्णय का स्वागत किया, लेकिन सुप्रीम कोर्ट के निर्णय पर भी कांग्रेस पार्टी ने आपत्ति उठाई। ये कांग्रेस की सोच है। कांग्रेस ने कभी भी देश की चिंता नहीं की, उन्होंने तो सिर्फ एक परिवार को बचाने की चिंता की है।

**कांग्रेस हड़पना चाहती है हमारी संपत्ति**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि कांग्रेस हमारे देश के गरीबों, आदिवासी, पिछड़ों, दलितों की संपत्ति को हड़पना चाहती है। इन्होंने अपने घोषणा पत्र में कहा है कि इस देश के अंदर संसाधनों का आर्थिक सर्वे कराएंगे।

## फिर घायल हुई सीएम ममता बनर्जी, हेलिकॉप्टर में चढ़ते वक्त लड़खड़ाकर गिरीं

दुर्गापुर (आरएनएस)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी एक बार फिर चोटिल हो गई हैं। ममता बनर्जी दुर्गापुर से आसनसोल जा रही थीं। इस बीच हेलिकॉप्टर में चढ़ने के दौरान उनके पैर लड़खड़ा गए। इसके बाद ममता हेलिकॉप्टर के अंदर ही गिर गई। वहां तैनात सुरक्षा कर्मियों ने उन्हें उठाया।

जानकारी के मुताबिक, उनके पैर में हल्की चोट आई है। ममता बनर्जी टीएमसी प्रत्याशी शत्रुघन सिन्हा के समर्थन में एक रैली को संबोधित करने दुर्गापुर से आसनसोल जा रही थी।जिस समय यह घटना घटी उनके सुरक्षाकर्मियों ने तुरंत उनकी मदद की। बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी कुछ देर बाद दुर्गापुर से आसनसोल के रवाना हो गईं। टीएमसी सूत्रों ने बताया कि उनकी चोट बहुत गंभीर नहीं है और वह आसनसोल में पार्टी की चुनावी रैली में शामिल होंगी। बता दें कि वह इससे पहले भी कई बार घायल हो चुकी हैं।

### *हेमंत सोरेन को झटका :*

## *नहीं मिली चाचा के अंतिम संस्कार में जाने की इजाजत, पीएमएलए कोर्ट ने खारिज की जमानत याचिका*

*रांची (आरएनएस)। झारखंड में जमीन घोटाला मामले में आरोपित पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से अपने चाचा के अंतिम संस्कार और क्रिया कर्म में शामिल होने के लिए दाखिल अंतरिम जमानत याचिका पर आज सुनवाई हुई। ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत ने श्री सोरेन को अपने चाचा के अंतिम संस्कार में शामिल होने की अनुमति नहीं दी।याचिका में उन्होंने कोर्ट से यह आग्रह किया था कि उन्हें अपने चाचा के अंतिम संस्कार में शामिल होने की अनुमति दी जाये। इसके साथ ही उन्होंने कोर्ट से 13 दिनों की अंतरिम जमानत मांगी थी। लेकिन अदालत ने सुनवाई के बाद उन्हें अंतरिमजमानत नहीं दी।कोर्ट के आदेश के बाद अब हेमंत सोरेन अपने चाचा की अंतिम संस्कार में शामिल नहीं हो पाएंगे। उल्लेखनीय है कि शनिवार की सुबह झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन के बड़े भाई राजा राम सोरेन का निधन हो गया है।*



## पीएम मोदी अहंकारी, लोग उनसे डरते हैं

### वलसाड के धरमपुर में प्रियंका गांधी बोलीं

वलसाड ( ए)। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने शनिवार को गुजरात के वलसाड में कांग्रेस कैंडिडेट अनंत पटेल के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान प्रियंका ने मोदी सरकार पर जमकर हमला बोला। प्रियंका ने कहा कि पीएम मोदी अहंकारी है। उनके आस-पास रहने वाले लोग पीएम से डरते हैं। मोदी को कोई कुछ नहीं बोल सकता। हम सत्ता में रहे हैं, इसलिए समझते हैं। हमारे परिवार से दो-दो प्रधानमंत्री रहे हैं।

प्रियंका ने कहा कि जब मैं छोटी थी तो इंदिरा दादी और पिता राजीव गांधी के साथ घूमने जाती थी। मैं देखती थी कि उनके संसदीय क्षेत्र के लोग उन्हें काम को लेकर डांट देते थे, लेकिन वो नाराज नहीं होते थे, क्योंकि उनमें अहंकार नहीं था।



कांग्रेस नेता ने कहा कि जिस नेता में अहंकार होता है, उसका पतन निश्चित है। मोदी जी बड़ी-बड़ी बातें करते हैं, लेकिन उनके पास गरीब जनता के लिए कुछ नहीं है। सरकार के पास जो है, वो अडाणी-अंबानी जैसे करोड़पतियों के लिए है।

**संविधान बदलना चाहती है भाजपा**


प्रियंका ने कहा कि भाजपा लोगों को कमजोर करने और उनके अधिकारों से वंचित करने के लिए संविधान को बदलना चाहती है। इसी संविधान ने हमें सभी अधिकार दिया है। भाजपा लोकतंत्र को कमजोर करना चाहती है। कांग्रेस नेता ने कहा कि भाजपा ने लोकतंत्र को बचाने वाले संस्थानों को कमजोर किया है। जब हमारी सरकार थी, तो मीडिया हर रोज हमसे सवाल करती थी। किसी ने उन्हें रोका नहीं। जेल में नहीं डाला। आज पूरी मीडिया बिकी हुई है। प्रियंका ने कहा कि आज जिन-जिन राज्यों में हमारी सरकार है, वहां हमने अपनी सभी गारंटी को पूरा किया है। अगर आप फिर से मोदी सरकार लाएंगे तो आने वाले पांच साल में भी आपके जीवन में कोई बदलाव नहीं आएगा। कोई प्रगति नहीं होगी।

## 51 वायु योद्धा राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित

नई दिल्ली,(ए)। वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी.आर. चौधरी ने 51 वायु योद्धाओं को राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किया। पुरस्कार पाने वालों में 3 युद्ध सेवा पदक विजेता,7 वायु सेना पदक विजेता (वीरता), 13 वायु सेना पदक विजेता और 28 विशिष्ट सेवा पदक विजेता शामिल थे। ये पुरस्कार दिल्ली में वायु सेना अलंकरण समारोह में प्रदान किए गए। समारोह की शुरुआत शहीद नायकों को श्रद्धांजलि देने के साथ हुई। इसके बाद 51 वायु योद्धाओं को राष्ट्रपति पुरस्कार प्रदान किये गये। वायु सेना प्रमुख चौधरी ने हरेक पुरस्कार विजेता को उनके वीरतापूर्ण कार्यों और भारतीय वायु सेना की सच्ची परंपराओं में विशिष्ट सेवा के लिए बधाई दी।

## J&K के रामबन में जोशीमठ जैसे हालात, जमीन धंसने से 30 घर पूरी तरह से नष्ट; 350 से अधिक परिवार बेघर

जम्मू (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में उत्तराखंड के जोशीमठ जैसे हालात देखने को मिले है जहां जमीन धंसने से दर्जनों घर नष्ट हो गए। इसके बाद शनिवार को 350 से ज्यादा लोगों ने अपने घर छोड़ दिए। रिपोर्टों के अनुसार, रामबन-गूल रोड पर एक गांव में 30 घर पूरी तरह से नष्ट हो गए, 20 आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गए और 10 अन्य में बड़ी दरारें आ गईं। घरों के नष्ट और क्षतिग्रस्त होने के बाद ये परिवार अब खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हैं। अधिकारी इन 350 लोगों को तंबू, पीने के पानी की सुविधा, स्वास्थ्य देखभाल, शौचालय, बिस्तर आदि उपलब्ध करा रहे हैं। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा, वह व्यक्तिगत रूप से स्थिति पर नजर रख रहे हैं। जमीन धंसने का कारण पता लगाया जा रहा है। उन्होंने प्रभावित परिवारों को पुनर्वास, राहत और मुआवजा देने का आश्वासन दिया है। रामबन के डीसी बसीर-उल-



हक चौधरी ने कहा कि बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई है। रामबन-गूल मार्ग पर वाहनों की आवाजाही रोक दी गई है।




### हाईकोर्ट की टिप्पणी के बाद केजरीवाल को नैतिक आधार पर इस्तीफा दे देना चाहिए : रवनीत बिट्टू

लुधियाना (आरएनएस)। दिल्ली की खराब व्यवस्था पर दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा दिल्ली की आप सरकार पर की गई कड़ी टिप्पणियों को लेकर लुधियाना से बीजेपी के लोकसभा उम्मीदवार रवनीत सिंह बिट्टू ने आज यहां प्रेस कॉन्फ्रेंस की और आप सरकार की आलोचना की और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर तीखे जुबानी हमले किए, इस समय उनके साथ ज़िला अध्यक्ष रजनीश धीमन, नरिंदर सिंह मल्ली, लड़की चोपड़ा, डा. निर्मल नैयर, डा. कणिका जिंदल उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि हम शुरू से कहते थे कि अगर दिल्ली के मुख्यमंत्री जेल में हैं तो उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए ताकि लोगों का काम प्रभावित न हो क्योंकि मुख्यमंत्री के बिना कैबिनेट की बैठक संभव नहीं है जहां लोगों के महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा होती है।

## लॉरेंस गैंग पर शिकंजा, सलमान के घर पर फायरिंग के आरोपियों पर लगा मकोका



नई दिल्ली, (आरएनएस)। मुंबई में बालीवुड अभिनेता सलमान खान के घर पर फायरिंग मामले में महाराष्ट्र पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए आरोपियों के खिलाफ मकोका के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस ने फायरिंग करने वाले आरोपियों समेत हथियार सप्लाई करने वाले आरोपियों पर भी मकोका लगाया है। मकोका यानी महाराष्ट्र कंट्रोल ऑफ ऑर्गनाइज्ड 1999 क्राइम एक्ट है, यह उन मुजरिमों के खिलाफ लगाया जाता है जो कि संगठित अपराध में शामिल पाए जाते हैं।

जानकारी के मुताबिक सलमान खान के मुंबई स्थित घर पर फायरिंग करने के मामले में पुलिस ने विक्की गुप्ता और सागर पाल को अरेस्ट किया था। सागर और विक्की को कोर्ट में पेश किया गया था जिसके बाद उनकी रिमांड बढ़ा दी गई। वहीं पुलिस ने एक दिन पहले पंजाब से सुभाष चंदर और अनुज थापन को हथियार सप्लाई करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। इन चारों आरोपियों के खिलाफ राज्य सरकार के कड़े कानून मकोका के तहत कार्रवाई की जा रही है।

महाराष्ट्र पुलिस ने फायरिंग करने वाले और हथियार सप्लाई करने वाले चारों आरोपियों के अलावा मोस्ट वांटेड अनमोल बिश्नोई और जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के खिलाफ भी मकोका एक्ट लगाया है। इन दोनों को मिलाकर सलमान के घर पर फायरिंग केस में अब तक 6 लोगों पर मकोका लगाया जा चुका है।आपको ये भी बता दें कि यह राज्य सरकार का एक सख्त कानून है जो कि संगठित अपराध में शामिल मुजरिमों के खिलाफ लगाया जाता है। इस कानून के तहत उन पर कार्रवाई की जाती है जो कि अंडरवर्ल्ड से जुड़े अपराधी होते हैं, जबरन वसूली करते हैं।

### मध्य प्रदेश की जनता ने नफरत को नकारा : कमलनाथ

भोपाल(निप्र)। मध्य प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दोनों चरणों में 12 सीटों पर मतदान हो चुका है। दोनों ही चरणों में मतदान अपेक्षानुसार कम हुआ है। इससे कांग्रेस में एक उम्मीद जागी है कि कम मतदान होने से उसे फायदा होगा। शायद यही कारण है कि कांग्रेस नेता खुश नजर आ रहे हैं। मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने भी इस पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने एक्स कर लिखा- लोकसभा चुनाव के पहले और दूसरे चरण के मतदान के बाद स्पष्ट हो गया है कि देश की जनता ने नफरत की राजनीति को नकार दिया है।बता दें कि लोकसभा चुनाव 2024 के दूसरे चरण में शुक्रवार को 58.35 फीसदी मतदान हुआ, जबकि 2019 में 67.64 प्रतिशत मतदान हुआ था। इस तरह इसमें 9.29 फीसदी की गिरावट आई। पहले चरण में 67.75 फीसदी वोटिंग हुई थी, जो कि 2019 के 75.24 फीसदी के मुकाबले 7.47 कम थी। मध्यप्रदेश की 6 सीटों समेत पूरे देश की 88 सीटों पर कांग्रेस बेहद मजबूत स्थिति में है।

## ईवीएम पर सवाल उठाने वाले वही लोग हैं जो कभी बैलेट लूटा करते थे : सीएम योगी

लखनऊ (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ईवीएम पर सवाल उठाने पर कांग्रेस ओर इंडी गठबंधन पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि ये वही लोग हैं जो बैलेट लूटने का काम करते थे। लोकसभा चुनाव में पुख्ता हार को देख कांग्रेस के लोग ईवीएम पर दोषारोपण कर रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी शनिवार को मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने गोमांस मुद्दे पर भी कांग्रेस और इंडी गठबंधन को निशाने पर लिया। सीएम योगी ने पूछा कि वो अपने घोषणापत्र में लिख रहे हैं अल्पसंख्यकों को उनकी पसंद के खान-पान का अधिकार दिया जाएगा। आखिर अल्पसंख्यकों का ऐसा कौन सा खान-पान है जो शेष समुदाय से अलग है। मुख्यमंत्री ने इस मुद्दे पर इंडी गठबंधन के अन्य सहयोगियों की चुप्पी पर भी सवाल उठाए। मुख्यमंत्री ने ईवीएम मुद्दे पर कहा है कि इंडी गठबंधन जब भी हार रहा होता है, तो अपनी हार का ठीकरा ईवीएम पर डालने का प्रयास करता है। 2014 से लगातार हम सब इस बात को सुन रहे हैं।उन्होंने कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों से पूछा कि गत वर्ष हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक में क्या बैलेट पेपर से सरकार बनी थी, 2004 में यूपीए की सरकार और 2018 में राजस्थान, मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की तथा दिल्ली और पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार क्या बैलेट पेपर से बनी थी?





# विविध-समाचार

## शादी से लौट रहा था परिवार, अयोध्या नगर बायपास पर हुआ हादसा

भोपाल,(आरएनएस)। अयोध्या नगर बायपास पर गत दिवस तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार दंपत्ति को टक्कर मार दी। हादसे में पत्नी की मौत हो गई, जबकि उसका पति और दो वर्ष का बच्चा घायल हो गया। यह परिवार एक शादी समारोह में शामिल होने के बाद घर वापस लौट रहा था, तभी दुर्घटना का शिकार हो गया। घटना के समय महिला का देवर एक अन्य बाइक से पीछे आ रहा था। उसने टक्कर मारने वाले के बाद भाग रहे ट्रक ड्रायवर को पीछा कर रुकवाया। पुलिस ने ट्रक जब्त कर चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

## भाजपा नेता की कार में तोडफ़ोड़, पाँच गिरफ्तार

भोपाल,(आरएनएस)। टीला जमालपुरा थाना क्षेत्र की सूबेदार कालोनी में गत रात एक भाजपा नेता के घर के सामने खड़ी कार में अज्ञात लोगों ने जमकर तोडफ़ोड़ कर दी। इस मामले में पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज से मिले सुराग के आधार पर पांच युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक सूबेदार कालोनी निवासी 58 वर्षीय हरिशंकर विश्वकर्मा केबल नेटवर्क काा काम करते हैं। गत रात दस बजे उन्होंने अपनी कार घर के सामने खड़ी की थी। इसके बाद वे घर में सो रहे थे। रात में अज्ञात लोग उनकी कार में तोडफ़ोड़ कर भाग निकले। घटना का पता उन्हें सुबह लगा। जब सीसीटीवी के फुटेज दे‌ी तो उसमें रात करीब पौने दो बजे कुछ युवक फ्लेक्स में लगने वाले पाइप से कार में तोडफ़ोड़ करते नजर आए। वहीं इस मामले की जांच में जुटे एसआइ गोपालसिंह ने बताया कि अज्ञात लोगों के खिलाफ तोडफ़ोड़ करने का केस दर्ज कर फुटेज के आधार पर कुछ संदेहियों से पूछताछ की। इनमें मिले सुराग के आधार पर टीला जमालपुरा निवासी प्रमोद ठाकुर, अमन, विकास, चीनू और इशंत को गिरफ्तार कर लिया है।

## राजगढ़ और गुना में कोई महिला प्रत्याशी नहीं

भोपाल(आरएनएस)। मध्यप्रदेश की राजगढ़ लोकसभा सीट से कभी कोई महिला निर्वाचित होकर लोकसभा में नहीं पहुंची। तीसरे चरण में जिन नौ सीटों पर सात मई को मतदान होना है उनमें राजगढ़ और गुना ऐसी सीटें हैं जहां इस बार कोई महिला उम्मीदवार नहीं है। निर्वाचन आयोग द्वारा तीसरे चरण के उम्मीदवार नहीं हैं। निर्वाचन आयोग द्वारा गत दिवस तीसरे चरण के उम्मीदवारों की सूची जारी की जिसमें सर्वाधिक 11 निर्दलीय उम्मीदवार मुरैना सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। इन सीटों पर कुल 127 प्रत्याशी मैदान में हैं। इनमं विदिशा से शिवराज सिंह चौहान, राजगढ़ से पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह और गुना से ज्योतिरादित्य सिंधिया भी शामिल हैं।

## 25 प्रतिशत महिलाएं एनीमिक मिलीं, बढ़ सकता है हाई रिस्क प्रेग्नेंसी का खतरा

भोपाल,(आरएनएस)। गर्भावस्था के दौरान खून की कमी महिलाओं और उनके होने वाले बच्चों के लिए जानलेवा हो सकती है। इन महिलाओं को हाई रिस्क प्रेग्नेंसी श्रेणी में रखा जाता है। स्वास्थ्य विभाग के तमाम प्रयासों के बावजूद महिलाओं में इसका खतरा बढ़ रहा है। करीब 25 फीसदी महिलाओं में खून की कमी व अय गंभीर समस्याओं से जूझ रही हैं।

## मतदान के दौरान 3207 डॉक्टरों की टीम की लगाई गई ड्यूटी

भोपाल (आरएनएस)। सात मई को लोकसभा के मतदान को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने चिकित्सकों से लेकर दवाइयों के जरूरी सामान की व्यवस्था की है। मतदान के दौरान मेडिकल इमरजेंसी से बचने के लिए 108 एंबुलेंस के साथ डॉक्टरों की इरमजेंसी ड्यूटी लगाई है। स्वास्थ्य कर्मियों और अस्पतालों को अलर्ट रहने के लिए निर्देश भी जारी किए गए हैं। मतदान केंद्रों पर 207 चिकित्सकों की ड्यूटी लगाई गई है। हर केंद्र पर मेडिकल किट की व्यवस्था रहेगी।

## मलेरिया की रोकथाम के लिए तालाब में डाली गंबूसिया मछली

भोपाल, (आरएनएस)। विश्व मलेरिया सप्ताह के अंतर्गत गत दिवस पिपलानी स्थित तालाब में गंबूसिया मछली छोड़ी गई। यह मच्छरों के लार्वा को खाती है और इस तरह मलेरिया उन्मूलन में सहायक होती है। आंगनबाड़ी में स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के दिन महिलाओं एवं किशोरियों को मलेरिया से बचाव की जानकारी दी गई। जिला स्वास्थ्य समिति वेक्टर बोर्न डिजीज के सहयोग से गोदरेज द्वारा संचालित एंबेड परियोजना फैमिली हेल्थ इंडिया द्वारा विश्व मलेरिया सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है।

## प्रेक्षक एवं कलेक्टर ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

भोपाल,(आरएनएस)। भोपाल संसदीय सीट पर सात मई को मतदान होना है। सामान्य प्रेक्षक यबल अग्रवाल और कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने गत दिवस भोपाल लोकसभा क्षेत्र के मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मतदान केंद्रों पर साफ-सफाई एवं मतदाताओं के लिए पेयजल, छाया आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के साथ गर्मी के मौसम को देखते हुए कूलर, पंखों सहित अन्य आवश्यक व्यवस्था के निर्देश दिए।

# तीसरे चरण के सभी 9 संसदीय क्षेत्रों में शांतिपूर्ण मतदान की तैयारी पूर्ण : श्री राजन

## भारत निर्वाचन आयोग के उप निर्वाचन आयुक्त ने की निर्वाचन तैयारियों की समीक्षा

भोपाल, (आरएनएस)। लोकसभा निर्वाचन-2024 के अंतर्गत तीसरे चरण के सभी 9 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों में निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गयी हैं। सभी मतदान केन्द्रों पर पेयजल, जरूरी दवाइयाँ और टेन्ट की व्यवस्था की जा रही है। मतदाता सूचना पर्ची का वितरण कराया जा रहा है। मुरैना में जरूरत अनुसार फोर्स उपलब्ध कराया जायेगा। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के भी प्रयास लगातार किये जा रहे हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने यह बात भारत निर्वाचन आयोग के उप निर्वाचन आयुक्त अजय भादू द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से की गई निर्वाचन तैयारियों की समीक्षा में कही। श्री राजन ने बताया



कि प्रदेश में कुल 871 नाके बनाये गये हैं, जहां पर सतत् निगरानी की जा रही है। लगातार जब्ती की कार्यवाही की जा रही है। भारत निर्वाचन आयोग के उप निर्वाचन आयुक्त अजय भादू ने मुरैना, भिण्ड, ग्वालियर, गुना, सागर, विदिशा, भोपाल, राजगढ़ और बैतूल संसदीय क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक, पुलिस प्रेक्षक और व्यय प्रेक्षक से अलग-अलग चर्चा कर निर्वाचन तैयारियों की जानकारी ली। प्रेक्षकों ने जिलों की टीम द्वारा की जा रही निर्वाचन तैयारियों की जानकारी दी। अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजेश कौल, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी बसंत कुर्रे और स्टेट पुलिस नोडल ऑफिसर अंशुमन सिंह भी उपस्थित रहे।

## छह महीने में बाल कल्याण समितियों के प्रयास से 16 बच्चे घर वापस पहुंचे

भोपाल,(आरएनएस)। सामने मां खड़ी थी, छोटा भाई भी साथ था, पर वह धुंधली से यादों में बसी अपनी मां को नहीं पहचान पा रहा था। लेकिन छह साल की उम्र में बिछड़े अपने जिगर के टुकड़े को मां ने तुरंत पहचान लिया। दस साल बाद मिले बेटे को गले से लगाकर फूट-फूटकर रोने लगी। कह-रही थी, तू इतने दिन कहां रहा... तुझे तलाशते-तलाशते तेरे पिता भी हमें छोड़कर इस दुनिया से चले गए...। बेटा अचानक न आ जाए, इस आस में दस साल तक घर नहीं छोड़ा। दरअसल, अमित छह साल की उम्र में बैरसिया क्षेत्र से भोपाल घूमने निकला था और पंजाब पहुंच गया। पांच साल पहले उसे सड़क पर काम करते हुए रेस्क्यू किया गया था। अब पंजाब और भोपाल की बाल समिति के प्रयास से वह घर पहुंचा। यह अकेले अमित की कहानी नहीं है। अमित की तरह ही अन्य 15 बच्चों का भी पिछले छह महीने में समिति ने पुनर्वास कराया है। ये बच्चे मप्र या अन्य राज्यों ससे दो साल से अधिक समय से परिवार से बिछड़े हुए थे ।

# सरकार ने चंदा लेकर घातक दवाएं चलने दीं-प्रशांत भूषण



भोपाल, (आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट के वकील और सामाजिक कार्यकर्ता प्रशांत भूषण ने इलेक्टोरल बॉन्ड पर केंद्र सरकार को जमकर घेरा। इतना ही नहीं, प्रशांत भूषण ने तो इसे दुनिया का सबसे बड़ा घोटाला करार दिया। सुप्रीम कोर्ट के फैसले को सही बताते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने कंपनियों से करोड़ों का चंदा लेकर खतरनाक दवाएं भी चलने दीं।

प्रशांत भूषण और सामाजिक कार्यकर्ता अंजलि भारद्वाज शनिवार को भोपाल आए। गांधी भवन में मीडिया से चर्चा में उन्होंने इलेक्टोरल बॉन्ड पर केंद्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। प्रशांत भूषण ने कहा कि बीजेपी की सरकार चंदा देनेवाली भ्रष्ट कंपनियों को क्लीन चिट दे सकती है। उन्होंने यह भी बताया कि इसे रोकने के लिए सुप्रीम कोर्ट में मैंने याचिका लगा दी है। प्रशांत भूषण ने इलेक्टोरल बॉन्ड को दुनिया का सबसे बड़ा घोटाला बताते हुए मामले की कोर्ट की निगरानी में एसआईटी एसआईटी जांच की मांग की। उन्होंने कहा कि इलेक्टोरल बॉन्ड में घूस के माध्यम से कंपनियों को करोड़ों के कॉन्ट्रैक्ट दे दिए गए। इस संगीन अपराध की जवाबदेही तय होनी चाहिए। प्रशांत भूषण ने कहा कि बॉन्ड में ज्यादातर पैसा रिश्वत के तौर पर दिया गया, घूस के रूप में खासा पैसा लेकर दवा कंपनियों को टेंडर दे दिया गया। डेटा से साफ पता चल रहा है कि कंपनियों ने सत्ताधारी दलों को बॉन्ड के माध्यम से बड़ी रकम दी। बाद में उनको बड़ी परियोजनाएं मिलीं।

## यूटीएस एप से ट्रेन के साथ प्लेटफार्म का भी ले सकेंगे टिकट

भोपाल,(आरएनएस)। यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर यूटीएस ऑन मोबाइल एप में यात्रा टिकट एवं प्लेटफार्म टिकट के लिए बाहरी सीमा जियो-फेंसिंग दूरी का प्रतिबंध समाप्त कर दिया गया है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि इससे अब रेल उपयोगकर्ता घर बैठे ही भारतीय रेल के किसी भी स्टेशन से किसी भी स्टेशन के लिए अनारक्षित टिकट एवं प्लेटफार्म टिकट बुक कर सकते हैं, जबकि जियो फेंसिंग की आंतरिक सीमा अपरिवर्तित रहेगी अर्थात केवल स्टेशन परिसर के बाहर से ही टिकट बुकिंग की अनुमति रहेगी।

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म

भोपाल,(आरएनएस)। बिलखिरिया थाना पुलिस ने एक महिला की शिकायत पर एक युवक के खिलाफ दुष्कर्म करने का केस दर्ज किया है। आरोपित युवक शादी करने का झांसा देकर महिला का एक वर्ष से शारीरिक शोषण कर रहा था। पिछले दिनों महिला ने जब शादी करने के



लिए दबाव बनाया, तो युवक चुपचाप महिला को छोड़कर गायब हो गया। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने आपराधिक प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।पुलिस के मुताबिक 29 वर्षीय महिला मूलत- छिंदवाड़ा की रहने वाली है। पिछले साल उसका अपने पति से विवाद हो गया था। उसके बाद महिला भोपाल आ गई और बिलखिरिया इलाके में चल रहे एक निर्माणाधीन बिल्डिंग में ठेकेदार के पास काम करने लगी।उसी ठेकेदार के पास तुमेश साहू नामक एक युवक मिस्त्री का काम करता है। एक साथ काम करने के दौरान दोनों के बीच पहचान हो गई तो तुमेश ने महिला को शादी करने का झांसा दिया और उसका शारीरिक शोषण करना शुरू कर दिया।पिछले सप्ताह तुमेश महिला को बगैर बताए अपने गांव छत्तीसगढ़ चला गया। काफी प्रयास करने के बाद भी जब तुमेश से संपर्क नहीं हुआ तो पीड़िता ने थाने जाकर उसके खिलाफ दुष्कर्म और जाति से अपमानित करने का मामला दर्ज करवा दिया। पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है।

## जेठ ने बहू से की ज्यादती

भोपाल,(आरएनएस)। टीला जमालपुरा में नवविवाहिता के साथ ज्यादती का मामला सामने आया है। आरोपी ने पीड़िता को जान से मारने की धमकी दी थी। तीन महीने तक महिला आरोपी के डर से चुप रही। शनिवार की दोपहर को पीड़िता भाभी और बहन के साथ थाने पहुंची। जहां उसने आरोपी जेठ की करतूत को बताया। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक अर्जुन नगर थाना एमपी नगर इलाके में 23 वर्ष की महिला रहती है।

## प्रत्येक मतदान केन्द्र पर 'चलें बूथ की ओर' अभियान चलायें

भोपाल, (आरएनएस)। लोकसभा निर्वाचन-2024 के अंतर्गत प्रदेश में तृतीय एवं चतुर्थ चरण का मतदान क्रमशः 7 मई 2024 एवं 13 मई 2024 को होने जा रहा है। मतदान प्रक्रिया में अधिक से अधिक लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने चलें बूथ की ओर अभियान प्रत्येक मतदान केन्द्र पर चलाया जाएं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने यह निर्देश संबंधित जिलों के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को दिये हैं। राजन ने कहा कि कि तृतीय चरण के लिये यह अभियान एक मई एवं चतुर्थ चरण के लिये 7 मई को चलाये साथ ही मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए अन्य आयोजन भी करें। अभियान के अंतर्गत प्रत्येक मतदान केन्द्र पर बूथ जागरूकता समूह (BAG) के सदस्यों, कैम्पस एम्बेसडर, रहवासी कल्याण समिति (RWAs), चुनावी साक्षरता क्लब (ELCs), गैर सरकारी संगठन (NGOs), चुनाव पाठशाला तथा स्थानीय लोगों के माध्यम से सघन स्वीप गतिविधियां आयोजित कर लोगों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिये जागरूक एवं प्रेरित करने की कार्यवाही करें।

## तमाम सुविधाओं के बाद भी जिले के आठ सीएम राइज स्कूलों का दसवीं में 54.4 प्रतिशत तो 12वीं में 58.7 प्रतिशत ही रहा परिणाम

भोपाल,(आरएनएस)। माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) की दसवीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम में सभी की नजर सीएम राइज स्कूलों पर रहा, लेकिन इनका भी परिणाम कुछ ज्यादा बेहतर नहीं रहा। भोपाल जिले में आठ सीएम राइज स्कूल हैं। तीन साल के आंकड़ों पर नजर डालें तो आठ में से दो स्कूलों के परिणाम में गिरावट आई है। वहीं, छह स्कूलों के परिणाम में सुधार हुआ है, लेकिन अभी भी उत्कृष्ट और मॉडल स्कूलों के परिणाम से कम हैं। सीएम राइज स्कूलों की शैक्षणिक गुणवत्ता पर विभागीय अधिकारियों का ध्यान अधिक रहता है, लेकिन फिर भी परिणाम अपेक्षा के अनुरूप नहीं आया है।

वहीं, राज्य व जिला स्तरीय सूची में सिर्फ सीएमराइज स्कूल करोंद के एक छात्र ने जगह बनाई है। इसके अलावा किसी स्कूल का नाम शामिल नहीं है। बता दें कि सीएम राइज स्कूलों में सामान्य सरकारी स्कूलों से अधिक सुविधा दी गई है। इन स्कूलों को निजी स्कूलों की तर्ज पर विकसित किया जा रहा है। स्कूलों में तमाम सुविधाएं जैसे प्रशिक्षित व परीक्षा पास शिक्षक, सर्वसुविधायुक्त, लाइब्रेरी, स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स, स्मार्ट क्लास रूम सहित कई सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।

# अमित शाह ने मध्यप्रदेश के नेताओं को दी कड़ी नसीहत



भोपाल,(आरएनएस)। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह कल भोपाल पहुंचे। स्टेट हैंगर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, लोकसभा चुनाव प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह, सह प्रभारी अधिकारी सतीश उपाध्याय, चुनाव संयोजक हेमंत खंडेलवाल ने अमित शाह की अगवानी कर स्वागत किया। मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारी के साथ बैठकर चुनाव की समीक्षाा की। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने प्रदेश के नेताओं को चेतावनी दी है कि यदि अगले चरणों में प्रदर्शन नहीं सुधरा तो भाजपा को कम से कम तीन सीटों पर नुकसान हो सकता है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह राजगढ़ के खिलचीपुर और अशोकनगर के पिपरई में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी शाह के साथ रहे। राजगढ़ लोकसभा से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह चुनाव लड़ रहे हैं। गुना से केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया भाजपा के उम्मीदवार हैं। शाह पहले अशोकनगर जिले के पिपरई पहुंचे। यहां मंडी प्रांगण में ज्योतिरादित्य सिंधिया के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया। पिपरई के बाद शाद दोपहर डेढ़ बजे राजगढ़ जिले के खिलचीपुर में जनसभा करेंगे। यहां से पार्टी के उम्मीदवार रोडमल नागर हैं। सूत्रों के अनुसार दूसर चरण की सभी छह सीटों पर भाजपा नेतृत्व को अनुकूल फीडबैक है। इसमें केवल सतना सीट को लेकर थोड़ा बहुत किंतु परंतु है। अन्यथा टीकमगढ़, दमोह, खजुराहो, रीवा और होशंगाबाद को लेकर भाजपा निश्चित है। सतना में कई चुनावों के बाद कांग्रेस ने सिद्धार्थ कुशवाहा के रूप में ओबीसी प्रत्याशी दिया है। भाजपा प्रत्याशी गणेश सिंह भी ओबीसी हैं।

## *कांग्रेस के सोशल मीडिया विभाग की अध्यक्ष ने लगाया जनता को भ्रमित करने का आरोप*

*भोपाल,(आरएनएस)। कांग्रेस के सोशल मीडिया विभगा की अध्यक्ष सुप्रिया श्रीनेत ने गत दिवस भोपाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा नेताओं पर जनता को भ्रमित करने का आरोप लगाया। उन्होंनेक हा कि उन्हें हमारे 46 पृष्ठ और 15329 शब्दों के न्याय पत्र में मुस्लिम लीग की छाप नजर आती है, जबकि इसमें मुस्लिम शब्द ही नहीं है। ये एससी-एसटी और ओबीसी आरक्षण समाप्त करने की बात करते हैं, पर ऐसी किसी बात का जिक्र घोषणा पत्र में नहीं है। ये जाति आधारित गणना का सदन में समर्थन करते हैं ओर सभाओं में विरोध करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी खुलकर बोलें कि वे जाति आधारित गणना का समर्थन करतें हैं या विरोध प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता में श्रीनेत ने कहा कि प्रधानमंत्री और भाजपा का शीर्ष नेतृत्व अपने दस साल के कार्यकाल की रिपोर्ट जनता के बीच रखने के स्थान पर हमारे घोषणा पत्र पर बात कर रहा है।*

## किशोर न्याय बोर्ड के अधिवक्ताओं के लिए जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया

भोपाल (आरएनएस)। मुख्य न्यायाधिपिति, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार एवं अमिताभ मिश्र, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के मार्गदर्शन में शनिवार को जिला न्यायालय के सभाकक्ष में किशोर न्याय बालकों की देख-रेख और संरक्षण अधिनियम, 2015 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए किशोर न्याय बोर्ड के अधिवक्ताओं के लिए जिला



स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ अमिताभ मिश्र, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री राजश्री श्रीवास्तव, विशेष न्यायाधीश तथा जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश श्री रमेश कुमार मुराली लाल भगवती, मनोज सिंह, अरविन्द कुमार शर्मा, श्रीमती आरती शर्मा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अतुल सक्सेना एवं अरूण सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने माँ सरस्वती की मूर्ति पर दीप प्रज्जवलन कर किया।

कार्यशाला में प्रारंभिक आर्शीवाद उद्बोधन देते हुए अमिताभ मिश्र, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा कार्यशाला में उपस्थित न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण को संबोधित करते हुए कहा कि हमें बच्चों के प्रति जागरूक होने की जरूरत है, जिस प्रकार कैलाश सत्यार्थी जी ने बच्चों के हितों के लिए लड़ाई लड़ी उसी भावना से सभी को कार्य करना होगा।

निश्चित ही इस प्रकार की कार्यशालाओं से सभी को कानूनों की विस्तृत जानकारी मिलेगी। श्रीमती आरती शर्मा ने कार्यशाला का संचालन करते हुए व्यक्त किया कि इस प्रकार की कार्यशालाएं निश्चित ही अधिनियम की धारणा के अनुरूप कार्य करने में नवीन आयाम स्थापित करेंगी। हम सब की यही धारणा है कि बालकों को अपराधों से दूर रखा जाए। तृतीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीशश्री अरविन्द शर्मा ने अपने उद्बोधन में किसी आपचारी बालक के संबंध में अधिनियम में उम्र के निर्धारण के संबंध में, निहित प्रावधानों के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए माननीय सर्वोच्च न्यायालय एवं उच्च न्यायालयों के विभिन्न न्यायदृष्टांतों का विस्तृत वर्णन किया तथा विचारण के दौरान न्यायालयों में प्रस्तुत की जाने वाली साक्ष्य के संबंध में भी विस्तृत जानकारी दी।प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड सुश्री श्रुति जैन ने अपने उद्बोधन में उपस्थित अधिवक्तागण को किशोर न्याय बालकों की देखरेख और संरक्षण अधिनियम, 2015 के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बालकों के द्वारा किए गए।

## दूल्हा-दुल्हन से घर पर ही कराया मतदान

भोपाल, (आरएनएस)। दूसरे चरण के मतदान में मध्यप्रदेश की छह सीटों टीकमगढ़, दमोह, खजुराहो, सतना, रीवा और होशंगाबाद समेत 88 सीटों पर मतदान हुआ। इस चरण में बैतूल में होने वाला मतदान बसपा प्रत्याशी अशोक भलावी के निधन के कारण स्थगित कर दिया गया है। इस चरण में देशभर में कुल 1202 प्रत्याशी मैदान में हैं। प्रदेश में कुल 80 प्रत्याशियों में 75 पुरुष, चार महिला और दमोह में एक ट्रांसजेंडर दुर्गा मौसी है। दूसरे चरण में सबसे ज्यादा 19 प्रत्याशी सतना और सबसे कम सात टीकमगढ़ में हैं। शादी वाले घरों के लिए टीम सुबह पहुंचकर सबसे पहले मतदान कराया। ताकि वे बाद में आराम से रस्मो रिवाज कर सकें। दूल्हा-दुल्हन को लाइन में नहीं लगना पड़ा। मतदान कराने के लिए विशेष अधिकारी यहां निगरानी रखी।

# छिंदवाड़ा और मंडला सीटों पर भाजपा की कमजोरी का फीडबैक

भोपाल, (आरएनएस)। भाजपा के सर्वोच्च रणनीतिकार और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को क्या मध्यप्रदेश में क्लीन स्वीप को लेकर आशंका है? सूत्रों के अनुसार राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा को जो फीडबैक मिला है उसके अनुसार पहले चरण में मतदान में छिंदवाड़ा और मंडला की सीट भाजपा के लिए कमजोर रहने की आशंका है। भाजपा के रणनीतिकार मानते हैं कि यह तो दोनों सीटों या कम से कम एक सीट पर भाजपा हार सकती है। यही वजह है कि कल देर रात अमित शाह ने भाजपा के प्रदेश नेतृत्व को अगले दो चरणों के लिए आगह किया है। दो चरणों से आशय तीसरे और चौथे चरण से है क्योंकि पार्टी को दूसरे चरण की छह लोकसभा सीटों पर जीत को लेकर कोई शंका नहीं है। तीसरे चरण में ग्वालियर चंबल और मालवा और निमाड़ अंचल की आठ सीटों पर मतदान होगा। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण्सा का मतदान सम्पन्न हो गया। बड़े लोकतांत्रिक महोत्सव की शुरुआत 19 अप्रैल को हो गई थी। आज इस महोत्सव का दूसरा चरण सम्पन्न हो गया। दूसरे चरण में 13 राज्यों में मतदान 38 सीटों पर उम्मीदवारों का किस्मत का फैसला कर रहा है। जिन 88 सीटों पर इस चरण में मतदान हो रहा है, उसमें आधी से अधिक सीटों यानी 52 भाजपा के पपास थीं, वहीं कांग्रेस के पास 22 सीटें हैं। गठबंधन की दृष्टि से देखा जाए तो नेशनल डेमोक्रेटिक अलायंस एनडीए ने पिछली बार यहां 56 सीटें जीती थीं। वहीं कांग्रेस के पास 22 सीटें हैं। गठबंधन की दृष्टि से देखा जाए तो एनडीए ने पिछली बार यहां 56 सीटें जीती थी। केरल की सभी 20 सीटों पर मतदान होगा। इनमें से 19 इंडिया गठबंधन ने जीती थीं। 15 सीटें तो अकेले कांग्रेस के हिस्से में आई थी। दूसरे चरण में सबसे अधिक उम्मीद केरल से है। केरल के अलावा कर्नाटक की 13 सीटों पर भी मतदान सम्पन्न हो गया। कांग्रेस की अपनी कुल सीटों में से सबसे अधिक सीटें इसी चरण में मिलने वाली हैं। प्रथमच रण में भी कांग्रेस को तमिलनाडु में अपना पिछला प्रदर्शन दोहराने की संभावना है। तमिलनाडु के 39 सीटों पर मतदान हुआ था। 2019 में इनमें से आठ सीटों पर कांग्रेस जीती थी। इस बार भी कांग्रेस इतनी ही सीटों पर जीत दर्ज कर सकती है। पहले दो चरणों में कांग्रेस 25 प्लस सीटें जीत सकती है। सभी राजनीतिक विश्लेषक मानते हैं कि कांग्रेस अपनी कुल सीटों की दो तिहाई सीटें केवल दक्षिण भारत में जीतेगी। हिंदी बेल्ट और पश्चिमी भारत में केवल पंजाब से उम्मीदें हैं।

# आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब परिवहन के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही

## लाखों रूपये की अवैध शराब की गई जप्त

इन्दौर (ए.) । इंदौर जिले में लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर मदिरा के अवैध क्रय-विक्रय, परिवहन, भण्डारण की रोकथाम के लिये कलेक्टर आशीष सिंह के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग के दलों द्वारा लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। सहायक आयुक्त आबकारी मनीष खरे के निर्देशन में आज अल सुबह नावदा पंथ तिराहे पर पुलिया के पास आकारी टीम द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान ASKOK LELAYND(DOST) वाहन MP 69G0406 को करोकर तलाशी लेने लेने पर गाड़ी में बने चेंबर में 100 गते की पेटियों में माउंट 6 हजार बियर थी। पेटियों को खोलकर चेक करने पर 100 पेटियों में 2400 नग माउंट 6000 जमी हुई थी। कुल 1200 बल्क लीटर बीयर पाई गई। पकड़े गए वाहन का मूल्य 9 लाख रुपए है तथा बियर का मूल्य दो लाख 88 हजार रुपए है। इस तरह वाहन व बियर का कुल मूल्य 11 लाख 88 हजार रूपये रुपए है। इसी तरह आज एक अन्य कार्रवाई करते दोपहिया वाहन बजाज पल्सर से थैलो में 120 पाव देशी



मदिरा प्लेन का अवैध परिवहन करते हुए पंकज श्रद्धा नंद मार्ग नसियारोड से मोटरसाइकिल न.MP 09–ZX 5132 को दौरान गश्त कर तीन इमली रोड पर रोककर उपरोक्त अनुसार बरामद अवैध शराब को जप्त कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। जप्त मदिरा और वाहन की अनुमानित कीमत लगभग एक लाख 25 हजार रूपये है।

इसी तरह आबकारी विभाग के अमले द्वारा गत 25 अप्रैल को मांगलिया चौराहे के पास मेन रोड पर बिना नंबर की होंडा शाइन मोटरसाइकिल से 2 पेटी बीयर (48 केन) परिवहन करते हुए आरोपी अशोक निवासी मांगलिया को पकड़ा गया। वाहन और मदिरा जप्त कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार करते हुए उनके विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

जप्त समस्त सामग्री का बाजार मूल्य 66 हजार रूपये है गत 26 अप्रैल को आबकारी विभाग द्वारा महू, देपालपुर के बल द्वारा महू के भोंडिया तालाब,महू गांव,तलाई नाका,आंबा चन्दन,पत्थरनाला आदि क्षेत्रों में दबिश देकर झाड़ियों एवं गड्ढों में प्लास्टिक के ड्रमों में भरकर छिपा कर रखी भारी मात्रा में कच्ची हाथभट्टी मदिरा तथा महुआ लाहन जिसमें 300 लीटर हाथभट्टी मदिरा, 840 किलो ग्राम महुआ लाहन बरामद कर कब्जे में लिया गया। अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध 12 प्रकरण कायम किए गए। जप्त मदिरा का अनुमानित मूल्य एक लाख 86 हजार रूपये है। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब के विरूद्ध कार्यवाही जारी है।

## भोजशाला में प्रतिमा मिलने का दावा

धार (आरएनएस)। भोजशाला में 36वें दिन शुक्रवार को एएसआई ने करीब छह घंटे काम किया। शुक्रवार जुम्मे की नमजा होने के चलते भोजशाला परिसर के बाहर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया था। एएसआई की टीम ने भोजशाला के भीतर, दक्षिण और पश्चिम दिशा में काम किया। टीम ने भीतरी परिसर में आठ स्थानों का चयन किया था, जिसमें से इसमें पांच स्थान पर मिट्टी हटाने का काम चला। हिंदू पक्षकार गोपाल शर्मा ने बताया कि यहीं से कुछ साक्ष्य सामनने आ रहे हैं। एक दीवारनुमा संरचना की आकृति दिखी थी। एक खंडित प्रतिमा भी दिखाई दी है। हालांकि एएसआई के अधिकारियों ने सर्वे की गोपनीयता बनाए रखते हुए इसको लेकर कुछ भी जानकारी नहीं दे रहे हैं। हिंदू पक्षकार गोपाल शर्मा ने बताया कि अधिकारियों की संख्या कम थी।

## मतदान केंद्रों में तैयारियां जोरों पर, व्यवस्था जुटाने में लगे अधिकारी

इंदौर(आरएनएस)। लोकसभा चुनाव को लेकर बैठकों का दौर जारी है। 13 मई को होने वाले मतदान के लिए अधिकारियों व कर्मचारियों का प्रशिक्षण भी चल रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में नहीं आने वाले 208 अधिकारियों और कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक डा़. आर सेल्वाराज चुनावी तैयारियों का जायजा ले रहे हैं। इसी को लेकर गत दिवस बैठक हुई। बैठक में पुलिस प्रेक्षक निर्लिप्त राय, व्यय प्रेक्षक मत्ता पदमा तथा अलका गौतम मौजूद थे। बैइक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह सहित अनेक संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

## मोदी अब छह मई को धार-बड़वानी में करेंगे रैली

इंदौर (आरएनएस)। लोकसभा चुनाव में सियासी दलों के दिग्गजों को जमावड़ा लगातार जारी है। इसी क्रम में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी 30 अप्रैल को भिंड में रैली करेंगे। यहां पर कांग्रेस ने विधायक फूलसिंह बरैया को चुनाव मैदान में उतारा है। बरैया भांडेर से विधायक है। यही इससे पहले राहुल गांधी मंडला और शहडोल में रैली कर चुके हैं। उनको सतना भी आना था, लेकिन स्वास्थ्य खराब होने के चलते अचानक उनका कार्यक्रम रद्द हो गया है। अब वे कांग्रेस प्रत्याशी के प्रचार के लिए भिंड आ रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी छह मई को मालवा-निमाड़ के धार और बड़वानी सीट पर रैली करेंगे। खरगोन-बड़वानी सीट पर भाजपा ने सांसद गजेंद्र उमराव सिंह पटेल को प्रत्याशी बनाया है। वहीं, धार में पूर्व सांसद सावित्री ठाकुर को टिकट दिया है। इन सीटों पर रैली कर प्रधानमंत्री मालवा-निमाड़ की सभी आठ सीटों को साधेंगे। अब 12 सीटों पर तीसरे चरण में सात मई और चौथे चरण में 13 मई को मतदान होगा। इसमें तीसरे चरण में भोपाल, सागर, बैतूल, राजगढ़, विदिशा, गुना, भिंड, मुरैना, ग्वालियर में मतदान होगा।

## 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग व दिव्यांगों के घर वोट डलवाने का सिलसिला जारी

### जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती चौहान ने लिया मतदान प्रक्रिया का जायजा



ग्वालियर (आरएनएस)। जिले में 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के बुजुर्ग एवं 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं से घर पर ही वोट डलवाने का सिलसिला शनिवार 27 अप्रैल को भी जारी रहा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान ने शनिवार को घर पर सम्पन्न कराई जा रही मतदान प्रक्रिया का जायजा लिया। उन्होंने मरीमाता रेलवे क्रॉसिंग के समीप स्थित बस्ती में 85 वर्षीय बुजुर्ग शिवराजीराव ताम्बट के निवास पर पहुँचकर अपनी मौजूदगी में पूरी गोपनीयता के साथ उनसे मतदान कराया। साथ ही उनकी धर्मपत्नी श्रीमती अरूणा ताम्बट को मतदाता सूचना पर्ची प्रदान की। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री चौहान ने चंदननगर निवासी दीक्षित परिवार के निवास पर पहुँचकर उनके 6 सदस्यों को मतदाता पर्ची का वितरण भी किया।

## जबलपुर विस्फोट की जांच एनआईए को सौंपी

जबलपुर, (आरएनएस)। गत दिवस कबाडख़ाने में विस्फोट के बाद करीब 500 फिट ऊपर तक धुंए का गुबार उठा। इसका वीडियो भी सामने आया है। मामले की जांच नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी की टीम करेगी। रक्षा विभाग से संबंधित विस्फोटक पदार्थ होने की आशंका के चलते टीम आ रही है। विस्फोटक खजरी-खिरिया बाईपास पर शमीम के कबाड़ खाने के गोदान में हुआ। मलबा हटाने का काम जारी है। कल दो शव मिले थे। मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। विस्फोट के बाद लापता हुए लोगों के इंतजार में परिजन घटनास्थल पर बैठे रहे। एनडीआरएफ और नगर निगम की टीम मलवा हटा रही है।

## पुलिस पर फेंकी चूड़ियां शव रखकर चक्काजाम

सागर,(आरएनएस)। रहली में मारपीट में युवक की मौत के बाद गत दिवस दोपहर 12 बजे परिजन ने चक्काजाम कर दिया। उन्होंने पुलिस पर कार्रवाई में पक्षपात करने का आरोप लगाया। महिलाओं ने पुलिस पर चूडिय़ां फेंकी। समझाइश के बाद चक्काजाम खत्म् कर दिया गया। लेकिन मृतक की मां अड़ी रही और दोषियों को सख्त से सख्त सजा दिलाने की मांग करती रही। जांच के आश्वासन के बाद शाम चार बजे प्रदर्शन खत्म हुआ। पुलिस के अनुसार पंडालपुर के रहने वाले आशिक जलील ने शिकायत की है। उसने बताया कि गत रात वह घर से पान की दुकान पर जा रहा था। रास्ते में लालू उर्फ रविकांत ठाकुर मिला। वह गाली-गलौच करने लगा।

इसी दौरान उसका भाई कपिल और पिता मुन्ना ठाकुर आ गए। तीनों ने मिलकर मेरे साथ मारपीट की। शाहरुख (24 वर्ष) ने बीच बचाव किया। आरोपी उसे पीटने लगे। शाहरुख को गंभीर चोट आई थी। रहली से जिला अस्पताल रेफर कर दिया। रास्ते में शाहरुख की मौत हो गई। पुलिस ने रविकांत ठाकुर, कपिल ठाकुर, मुन्ना ठाकुर व अन्य के खिलाफ हत्या समेत अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

## हुकुमचंद मिल के आधे से ज्यादा मजदूरों को नहीं मिला मुआवजा

इंदौर,(आरएनएस)। हाई कोर्ट के आदेश और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंच से की गई घोषणा के बावजूद हुकुमचंद मिल के मजदूरों को बकाया भुगतान मिलने में दिक्कत आ रही है। हालात यह हैं कि 5895 मजदूरों को मुआवजा मिलता है लेकिन चार माह बाद भी सिर्फ 2500 मजदूरों के खातों में ही भुगतान पहुंच चुका है। भुगतान जारी करने की गति तेज करने की लगातार मांग के बावजूद कुछ नहीं हो रहा। मजदूर नेताओं का कहना है कि जिस गति से मुआवजा जारी हो रहा है, उससे तो सभी मजदूरों को भुगतान मिलने में एक वर्ष से ज्यादा का समय लग जाएगा। हुकुमचंद मिल प्रबंधन ने 12 दिसम्बर 1991 को मिल बंद कर दिया था। उस वक्त मिल में 5895 मजदूर काम करते थे। इन सभी ने बकाया वेतन और मुआवजे के लिए न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। अक्टूबर 2023 में नगर निगम और मप्र हाउसिंग बोर्ड द्वारा मिल की जमीन पर आवासीय और व्यावसायिक प्रोजेक्ट लगने की सहमति बनने के बाद मप्र हाउसिंग बोर्ड ने मजदूरों के पक्ष में 217 करोड़ 86 लाख रुपये की राशि परिमापक के खाते में ट्रांसफर की थी।

# व्यापार समाचार

## बॉट्स का इस्तेमाल कर क्रिएटर्स कमा रहे एक्स पर पैसा, मस्क ने रोका विज्ञापन राजस्व शेयरिंग

नई दिल्ली (ए)। एलन मस्क ने शनिवार को धमकी दी कि स्पैम लाइक, रिप्लाई और डायरेक्ट मैसेज (डीएम) के लिए बॉट्स के इस्तेमाल की जांच होने तक कुछ क्रिएटर्स के लिए विज्ञापन राजस्व शेयरिंग रोक दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोग विज्ञापन से ज्यादा पैसे कमाने के लिए एक्स प्लेटफार्म पर स्पैमिंग कर रहे हैं।



एक पोस्ट में, टेक अरबपति ने कहा कि क्रिएटर पेआउट्स का उद्देश्य एक्स पर हाई-क्वालिटी कंटेंट को प्रोत्साहित करना है। कुछ मामलों में हम इसका ठीक उल्टा देख रहे हैं, जहां लोग विज्ञापन से पैसा कमाने के लिए सिस्टम को स्पैम कर रहे हैं। यह ठीक नहीं है। मस्क ने कहा कि ऐसे क्रिएटर्स के लिए विज्ञापन राजस्व शेयरिंग को रोक दिया जाएगा।

एक्स नियमित आधार पर क्रिएटर्स को भुगतान करता है। लेकिन आजकल अपने प्लेटफॉर्म पर स्पैम और पोर्न बॉट्स की बढ़ोतरी से निपटने के लिए संघर्ष कर रहा है। मस्क के मुताबिक, बड़े बॉट ऑपरेशन चलाने वाले लोग कंटेंट क्वालिटी को काफी हद तक कम कर रहे हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ने इस महीने की शुरुआत में बॉट्स हटाने की कवायद शुरू कर दी थी।

## एआर-वीआर बाजार का नेतृत्व करने की चाह में मेटा को अरबों डॉलर का नुकसान

नई दिल्ली (ए.)। मेटा (पूर्व में फेसबुक) ने गेमिंग पर बड़ा दांव लगाना जारी रखा है। इस कड़ी में उसे अपने ऑगमेंटेड रियलिटी/वर्चुअल (एआर-वीआर) रियलिटी डिविजन पर लगभग 4 बिलियन डॉलर का नुकसान हुआ है। मार्क जुकरबर्ग द्वारा संचालित कंपनी ने अपने नवीनतम तिमाही परिणामों में एआर/वीआर रियलिटी लैब्स डिवीजन में लगातार घाटा दिखाया है। गेम्स इंडस्ट्री डॉट बिज के अनुसार, कंपनी को अपने एआर/वीआर ड्रीम पर जून 2022 से प्रति माह 1 अरब डॉलर से ज्यादा की दर से नुकसान हो रहा है।

कंपनी ने कहा, हमें उम्मीद है कि हमारे चल रहे प्रोडक्ट डेवलपमेंट और इकोसिस्टम को आगे बढ़ाने के लिए हमारे निवेश के चलते ऑपरेटिंग घाटा साल-दर-साल सार्थक रूप से बढ़ेगा। मेटा सीएफओ सुसान ली ने पहली तिमाही की अर्निंग कॉल पर कहा कि साल-दर-साल ऑपरेटिंग घाटे में वृद्धि हो रही है। मेटा की रियलिटी लैब्स ने 440 मिलियन डॉलर का राजस्व दर्ज किया, लेकिन कुल मिलाकर 3.85 बिलियन डॉलर का नुकसान हुआ।जुकरबर्ग ने कहा, यहां शुरुआती संकेत काफी पॉजिटिव हैं, लेकिन लीडिंग एआई का निर्माण भी हमारे ऐप्स में जोड़े गए अन्य अनुभवों की तुलना में एक बड़ा उपक्रम होगा और इसमें कई साल लगने की संभावना है। मेटा ने 2023 में एक्सटेंडेड रियलिटी (एक्सआर) हेडसेट बाजार के 59 प्रतिशत हिस्से पर कब्जा कर लिया। खास तौर से, काउंटरप्वाइंट रिसर्च के अनुसार, मेटा ने रणनीतिक रूप से पूरे साल अपने मौजूदा क्वेस्ट 2 की कीमत कम कर दी, जिससे यह बजट के प्रति जागरूक उपभोक्ताओं के लिए एक आकर्षक विकल्प बन गया, खासकर छुट्टियों के मौसम के दौरान।

## एआर-वीआर बाजार का नेतृत्व करने की चाह में मेटा को अरबों डॉलर का नुकसान

नई दिल्ली (ए)। मेटा (पूर्व में फेसबुक) ने गेमिंग पर बड़ा दांव लगाना जारी रखा है। इस कड़ी में उसे अपने ऑगमेंटेड रियलिटी/वर्चुअल (एआर-वीआर) रियलिटी डिविजन पर लगभग 4 बिलियन डॉलर का नुकसान हुआ है। मार्क जुकरबर्ग द्वारा संचालित कंपनी ने अपने नवीनतम तिमाही परिणामों में एआर/वीआर रियलिटी लैब्स डिवीजन में लगातार घाटा दिखाया है। गेम्स इंडस्ट्री डॉट बिज के अनुसार, कंपनी को अपने एआर/वीआर ड्रीम पर जून 2022 से प्रति माह 1 अरब डॉलर से ज्यादा की दर से नुकसान हो रहा है।कंपनी ने कहा, 卐हमें उम्मीद है कि हमारे चल रहे प्रोडक्ट डेवलपमेंट और इकोसिस्टम को आगे बढ़ाने के लिए हमारे निवेश के चलते ऑपरेटिंग घाटा साल-दर-साल सार्थक रूप से बढ़ेगा।卐 मेटा सीएफओ सुसान ली ने पहली



तिमाही की अर्निंग कॉल पर कहा कि साल-दर-साल ऑपरेटिंग घाटे में वृद्धि हो रही है। मेटा की रियलिटी लैब्स ने 440 मिलियन डॉलर का राजस्व दर्ज किया, लेकिन कुल मिलाकर 3.85 बिलियन डॉलर का नुकसान हुआ।जुकरबर्ग ने कहा, 卐यहां शुरुआती संकेत काफी पॉजिटिव हैं, लेकिन लीडिंग एआई का निर्माण भी हमारे ऐप्स में जोड़े गए अन्य अनुभवों की तुलना में एक बड़ा उपक्रम होगा और इसमें कई साल लगने की संभावना है।卐 मेटा ने 2023 में एक्सटेंडेड रियलिटी (एक्सआर) हेडसेट बाजार के 59 प्रतिशत हिस्से पर कब्जा कर लिया। खास तौर से, काउंटरप्वाइंट रिसर्च के अनुसार, मेटा ने रणनीतिक रूप से पूरे साल अपने मौजूदा क्वेस्ट 2 की कीमत कम कर दी, जिससे यह बजट के प्रति जागरूक उपभोक्ताओं के लिए एक आकर्षक विकल्प बन गया, खासकर छुट्टियों के मौसम के दौरान। इस रणनीति ने मेटा को 2023 की चौथी तिमाही में क्वेस्ट 3 के लॉन्च होने तक अपनी बढ़त बनाए रखने में मदद की।

## आरबीआई ने डिजिटल ऋण में डिफ़ॉल्ट हानि गारंटी पर दी स्पष्टता

मुंबई ,(ए)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने डिजिटल ऋृण में डिफ़ॉल्ट हानि गारंटी (डीएलजी) के लिए अपने दिशानिर्देशों पर अधिक स्पष्टता प्रदान करने के लिए नये सिरे से 'अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न' (एफएक्यू) जारी किए, जो पहली बार जून 2023 में जारी किए गए थे।



डीएलजी बैंक और एक इकाई के बीच एक समझौता है जिसके तहत वह इकाई बैंक के ऋृण पोर्टफोलियो के एक निश्चित प्रतिशत तक डिफ़ॉल्ट के कारण होने वाले नुकसान के लिए मुआवजा प्रदान करने की गारंटी देती है।जून 2023 में दिशानिर्देश जारी करते समय, आरबीआई ने कहा था कि बैंकों को यह सुनिश्चित करना होगा कि किसी भी बकाया पोर्टफोलियो पर डीएलजी कवर की कुल राशि ङ्क जो कि अग्रिम रूप से निर्दिष्ट है ङ्क उस ऋृण पोर्टफोलियो की राशि के पांच प्रतिशत से अधिक नहीं होगी।अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों की अपनी सूची में, आरबीआई ने कहा कि जिस पोर्टफोलियो के लिए डीएलजी की पेशकश की जा सकती है,

## टैक्सपेयर्स को राहत, सीबीडीटी ने फॉर्म 10ए/10एबी भरने की समय सीमा 30 जून तक बढ़ाई

नई दिल्ली (ए)। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने आयकर अधिनियम के तहत ट्रस्टों, संस्थानों और फंडों द्वारा फॉर्म 10ए/फॉर्म 10एबी दाखिल करने की समय सीमा 30 जून 2024 तक बढ़ा दी है। ट्रस्ट, संस्थान और फंड फॉर्म 10ए भरकर पंजीकरण कराते हैं जबकि फॉर्म 10एबी का इस्तेमाल पंजीकरण के रिन्युअल के लिए किया जाता है।

इससे पहले भी सीबीडीटी ने फॉर्म 10ए/फॉर्म 10एबी दाखिल करने की तारीख 30 सितंबर 2023 तक बढ़ा दी थी। सीबीडीटी ने स्पष्ट किया कि विस्तारित तिथि उन मामलों में भी लागू होती है जहां कोई मौजूदा ट्रस्ट, संस्थान या फंड विस्तारित नियत तिथि के भीतर निर्धारण वर्ष 2022-23 के लिए फॉर्म 10ए दाखिल करने में विफल रहा, और बाद में, एक नई इकाई के रूप में प्रोविजनल पंजीकरण के लिए आवेदन किया और फॉर्म 10एसी प्राप्त किया।

ये ट्रस्ट अब फॉर्म 10एसी सरेंडर कर 30 जून तक फॉर्म 10ए भरकर मौजूदा ट्रस्ट, संस्था या फंड के रूप में निर्धारण वर्ष 2022-23 के लिए पंजीकरण के लिए आवेदन कर सकते हैं।

सीबीडीटी ने कहा कि वे ट्रस्ट, संस्थान या फंड जिनके रिन्युअल के आवेदन केवल देर से दाखिल करने या गलत सेक्शन कोड के तहत दाखिल करने के आधार पर खारिज कर दिए गए थे, वे 30 जून की समय सीमा के भीतर फॉर्म 10 एबी में नया आवेदन जमा कर सकते हैं।

## स्मॉल फाइनेंस कंपनियां खोल सकेंगी अपना बैंक, आरबीआई ने मांगे आवेदन

मुंबई ,(ए)। भारतीय रिजर्व बैंक ने नियमित या यूनिवर्सल बैंक बनने के लिए 1,000 करोड़ रुपये की न्यूनतम नेटवर्थ सहित निर्दिष्ट मानदंडों को पूरा करने वाले छोटे वित्त बैंकों से आवेदन आमंत्रित किए। आरबीआई ने नवंबर 2014 में निजी क्षेत्र में लघु वित्त बैंकों को लाइसेंस देने के लिए गाइडलाइन जारी किए। इसमें एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक, इक्विटास स्मॉल फाइनेंस बैंक और उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक सहित लगभग एक दर्जन स्न्नक्क्च शामिल हैं।

केंद्रीय बैंक ने कहा कि यूनिवर्सल बैंक बनने का लक्ष्य रखने वाले एसएफबी की पिछली तिमाही (लेखापरीक्षित) के अंत में न्यूनतम शुद्ध संपत्ति 1,000 करोड़ रुपये होनी चाहिए और बैंक के शेयर किसी मान्यता प्राप्त स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध होने चाहिए।



पिछले दो वित्तीय वर्षों में इसका शुद्ध लाभ भी होना चाहिए और पिछले दो वित्तीय वर्षों में जीएनपीए और एनएनपीए क्रमश: 3 प्रतिशत और 1 प्रतिशत से कम या उसके बराबर होना चाहिए। अन्य शर्तों में एक निर्धारित सीआरएआर (पूंजी-से-जोखिम भारित संपत्ति अनुपात) आवश्यकता और न्यूनतम पांच वर्षों की अवधि के लिए प्रदर्शन का संतोषजनक ट्रैक रिकॉर्ड शामिल है।

शेयरहोल्डिंग पैटर्न पर, आरबीआई ने कहा कि पात्र एसएफबी के लिए एक पहचाने गए प्रमोटर की कोई अनिवार्य आवश्यकता नहीं है। हालांकि, पात्र एसएफबी के मौजूदा प्रमोटर, यदि कोई हैं, यूनिवर्सल बैंक में बदलाव पर प्रमोटर के रूप में बने रहेंगे।

इसके अलावा, बदलाव अवधि के दौरान पात्र एसएफबी के लिए नए प्रमोटरों को जोड़ने या प्रमोटरों में बदलाव की अनुमति नहीं दी जाएगी। सर्कुलर में कहा गया है कि संक्रमित यूनिवर्सल बैंक में मौजूदा प्रमोटरों के लिए न्यूनतम शेयरधारिता की कोई नई अनिवार्य लॉक-इन आवश्यकता नहीं होगी। दिसंबर 2019 में, आरबीआई ने एसएफबी को यूनिवर्सल बैंकों में परिवर्तित करने के लिए बदलाव पथ प्रदान किया।

## पेट्रोल और डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं



नई दिल्ली (ए.)। वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमत में उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है। ब्रेंट क्रूड 90 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 84 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने शनिवार को पेट्रोल-डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये, डीजल 92.15 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपये, डीजल 90.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। वैश्विक बाजार में हफ्ते के अंतिम कारोबारी दिन ब्रेंड क्रूड का मूल्य 0.49 डॉलर की बढ़त के साथ 89.50 डॉलर प्रति बैरल पर है। वहीं वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 0.28 डॉलर की उछाल के साथ 83.85 डॉलर प्रति बैरल पर स्थिर है।

## क्रेडिट कार्ड से यूटिलिटी भुगतान पर एक फीसदी शुल्क लगेगा


नई दिल्ली (ए)। यस बैंक और आईडीएफसी फर्स्ट बैंक एक मई से क्रेडिट कार्ड से यूटिलिटी पेमेंट करने पर शुल्क को लागू करेगा। हालांकि, यह शुल्क तब लगेगा जब आप एक साइकल में यस बैंक से 15,000 रुपये से ज्यादा का भुगतान करेंगे। अगर कोई ग्राहक 15,000 रुपये से ज्यादा का यूटिलिटी बिल का भुगतान करता है तो उसे एक फीसदी शुल्क पर 18 फीसदी जीएसटी भी देना होगा। आईडीएफसी फर्स्ट ने इसकी सीमा 20,000 रुपये रखी है। दूसरी ओर बैंकों के लिए जो काम करने वाले भुगतान गेटवे सेवा देते हैं वे अक्सर शिक्षा, किराना और यूटिलिटी जैसी श्रेणियों पर एमडीआर शुल्क पर छूट देते हैं।

# सम्पादकीय

अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य

## रक्षा क्षेत्र में बढ़ेगी धाक

ब्रह्मोस सुपर सोनिक क्रूज मिसाइल भारत ने फिलीपींस को दे दी। दोनों देशों के बीच 37.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर में समझौता 2022 में हुआ था। भारतीय वायु सेना के अमेरिकी मूल के सी-17 के ग्लोब मास्टर ट्रांसपोर्ट एअरक्राफ्ट से फिलीपींस मरीन क्राप्स को ये हथियार सौंपे। यह ऑर्डर 290 किलोमीटर की रेंज वाली एंटी शिप क्रूज मिसाइल के तट आधारित संस्करण के लिए है। ब्रह्मोस सुपर सोनिक क्रूज मिसाइल भारत-रूस का संयुक्त उद्यम है। भारत डीआरडीओ और रूस के एनपीओ मशिनोस्ट्रोयेनिया इसके प्रमुख साझेदार हैं। ब्रह्मोस की धाक पूरी दुनिया में है तथा यह पहला अंतरराष्ट्रीय ऑडर है। अंदाजा है कि फिलीपींस इसे अपने तटीय इलाकों में तैनात करेगा। इस मिसाइल पण्राली में लॉन्चर, वाहन, लोडर, कमांड और नियंत्रण केंद्र आदि शामिल हैं। भारत के पास लंबी दूरी की कई अन्य मिसाइलें भी हैं। मगर फिलीपींस को दी गई मिसाइलें मूल रूप से छोटी बताई जा रही हैं, जो बिल्कुल नई हैं तथा उस खेप का हिस्सा नहीं हैं, जो भारतीय सशस्त्र बल के पास हैं।यह प्रसिद्ध हथियार ऐसे वक्त सौंपा जा रहा है, जब दक्षिण चीन सागर में लगातार झड़पें चालू हैं जिससे दोनों मुल्कों के दरम्यान लगातार तनाव बढ़ रहा है। चूंकि ये मिसाइलें दस सेकेंड के भीतर दुश्मन को निशाना बना सकती हैं, इसलिए कहा जा रहा है कि फिलीपींस समुद्र में अपनी ताकत बढ़ा कर चीन से आमने-सामने झड़प के लिए अपनी सेना को तैयार कर रहा है।हमारे विशेषज्ञ फिलीपींस की सेना को इसकी विशेष ट्रेंनिंग भी देंगे जो इस ऑर्डर में लिखित है। इससे न सिर्फ रक्षा क्षेत्र में हमारी धाक बढ़ेगी, बल्कि हमारी सेना का मनोबल भी ऊंचा हो सकेगा। अपनी इन क्षमताओं के बूते साउथ ईस्ट एशिया में भारत प्रमुख शस्त्र निर्यातक बनने की तैयारी भी कर सकता है, जो वैंक तौर पर भारत की बदलती छवि को लेकर बेहतरीन भूमिका निभाने वाला साबित हो सकता है। नि:संदेह अपने यहां प्रतिभाओं की कमी नहीं है। विभिन्न क्षेत्रों में अपने यहां विशेषज्ञों की धाक जमी हुई है। यदि उन्हें बेहतर मौके मिलते हैं, तो वे देश का नाम रोशन करने के साथ ही चौतरफा अनुभव बटोर सकेंगे और उत्साहजनक ढंग से प्रतिस्पर्धात्मक क्षेत्रों में अव्वल आने के मौके नहीं चूकने का बेहतरीन प्रयास करेंगे।



गुंटूर में पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी के घोषणापत्र के विमोचन के दौरान मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी.

# विश्व बुरी तरह हिंसा से त्रस्त

**भारत डोगरा**

गाजा में, यूक्रेन में, सुडान में और कितने ही स्थानों पर आज विश्व बुरी तरह हिंसा से त्रस्त है। महाविनाशक हथियारों की ऐसी बहुत खतरनाक होड़ पहले से और तेज हो रही है जो दुनिया को किसी बड़े संकट की ओर ले जाएगी।

जो अंतरराष्ट्रीय संस्थान विश्व शांति और निशस्त्रीकरण के लिए सबसे अधिक जिम्मेदार हैं, वे कभी असहाय नजर आते हैं तो कभी केवल चिंता प्रकट करने या बयानबाजी तक ही अपनी जिम्मेदारी को समेट लेते हैं।

इस बिगड़ती स्थिति को संभालना बहुत जरूरी है। उम्मीद की एक किरण हम सब जनसाधारण अपने प्रयासों से भी ला सकते हैं। बेशक, हम जनसाधारण प्रत्यक्ष रूप से बड़े युद्ध समाप्त नहीं कर सकते पर अपने आसपास की हिंसा को समाप्त कर या न्यूनतम कर एक अमन-शांति पर आधारित दुनिया बनाने के लिए अच्छी शुरुआत जरूर कर सकते हैं। दुनिया आखिर करोड़ों परिवारों के मिलने से ही तो बनती है, लाखों समुदायों के मिलने से ही तो बनती है। यदि परिवार और समुदाय स्तर से ही अहिंसक विश्व बनाने की बड़ी पहल हो तो इसका असर दूर तक भी जा सकता है।

यदि परिवार और समुदाय के स्तर पर हम अहिंसा की जो सीख प्राप्त करते हैं, उसका उपयोग आगे, अधिक व्यापक स्तरों पर अमन-शांति के प्रयासों के लिए करते रहें। इस सोच के मूल में यह समझ है कि हिंसा मनुष्य के दुख-दर्द का एक प्रमुख कारण है। हर मनुष्य दुख-दर्द कम करना चाहता है और इसके लिए एक प्रमुख मार्ग यह है कि वह अपने भीतर की हिंसा और अपने आसपास की हिंसा को कम करे। यह मार्ग हम सबको उपलब्ध है, पर फिर भी यह प्राय: उपेक्षित है। यहां तक कि अपने भीतर की हिंसा को एक समस्या के रूप में पहचानने की प्रवृत्ति भी कम ही नजर आती है। पर वास्तविकता तो यह है कि मनुष्य के भीतर की हिंसा और आसपास की हिंसा अधिकांश समाजों में एक बड़ी समस्या है। भारत हो या अमेरिका इसकी एक बड़ी अभिव्यक्ति घरेलू हिंसा के बेहद चिंतित करने वाले आंकड़ों में उपलब्ध होती है।

अमेरिका जैसे 'विकसित' समाज में भी एक वर्ष में 110 से 120 लाख व्यक्ति घरेलू हिंसा अपने नजदीकी साथी (इंटीमेट पार्टनर) की हिंसा का



शिकार होते हैं (प्रति मिनट 20) और इनमें से बहुत बड़ा हिस्सा महिलाओं का है। 19 प्रतिशत घरेलू हिंसा की घटनाओं में किसी न किसी हथियार का उपयोग भी होता है। घरेलू हिंसा की बड़ी वारदात को रहने दें तो भी कितने ही दिन जनसाधारण के ऐसे गुजरते हैं जिसमें छोटी-छोटी बातों में, क्रोध के आ जाने से जो कहा-सुनी हो जाती है उसके कारण दिन खराब हो जाता है, दुख भी होता है। हमारे समाज में परिवार में प्रेम और लगाव बहुत है, पर झगड़े भी कम नहीं हैं-फिर चाहे पति-पत्नी के झगड़े हों, भाई-भाई या सास-बहू के।अंत में अधिक सहना तो महिलाओं और बच्चों को ही पड़ता है, जबकि घरेलू हिंसा के दौर में बच्चे जो सहते हैं उसका अहसास भी कई बार व्यस्क सदस्यों को नहीं होता। बाद में मन में आता है कि ओह, क्रोध में हम क्यों नाहक अपने प्रियजनों को परेशान करते हैं और स्वयं भी होते हैं, पर यह सोचने के बाद भी बार-बार ऐसी वारदात होती ही रहती हैं। इसकी वजह यह है कि अपने भीतर की हिंसा को पहचानने और उसे कम करने के जरूरी प्रयास नहीं होते। इसके साथ कहीं न कहीं आधिपत्य की भावना जुड़ी होती है। यह लिंग आधारित हो सकती है (पुरुष द्वारा महिला पर आधिपत्य समझना), आयु-आधारित या धन-संपत्ति आधारित हो सकती है। वास्तव में अहंकार, क्रोध, आधिपत्य, हिंसा यह सब आपस में जुड़े हुए हैं। फिर इन के साथ यदि नशे की प्रवृत्ति जुड़ जाए, विशेषकर शराब के नशे की प्रवृत्ति, तो इन सब की अभिव्यक्ति और भयानक रूप में हो सकती है। यदि इस सब को एक गंभीर समस्या के रूप में समझ कर इसे कम करने का प्रयास होगा तो विभिन्न व्यक्तियों और परिवारों में दुख-दर्द, परेशानी, तनाव, अपमान, आहत होने के अहसास और अवसाद में बहुत कमी आ सकती है, तथा दूसरी ओर खुशहाली, परस्पर प्रेम और सम्मान में उल्लेखनीय वृद्धि हो सकती है। इस तरह समाज की सबसे छोटी पर बुनियादी इकाई के स्तर पर अहिंसा के प्रयासों को जो सफलता मिलेगी, उसके आधार पर जनसाधारण को, महिलाओं और पुरुषों को, युवाओं और छात्रों को प्रेरित कर समुदाय के स्तर पर अधिक व्यापक भूमिका के लिए तैयार किया जा सकता है। समुदाय में जो धर्म, जाति, लिंग आदि के स्तर पर भेदभाव हैं, वह भी मन के अंदर की हिंसा की एक अभिव्यक्ति है। हिंसा, आधिपत्य, अहंकार के मिले-जुले असर से किसी अन्य मनुष्य को धर्म, जाति के आधार पर हीन भावना से देखा जाता है। धर्म, जाति उप-जाति के आधार पर किसी को हीन मानना या उससे भेदभाव करना बुनियादी तौर पर अनुचित और अन्यायपूर्ण है पर जब सामुदायिक स्तर पर लोगों के दिलों में हिंसा, आधिपत्य और अहंकार की प्रवृत्ति है तो वह इन अनुचित रूपों में प्रकट होती रहती है जिससे अंत में क्षति पूरे समुदाय की ही होती है। जिनसे भेदभाव या अन्याय होता है वे तो आहत ही होते हैं, किन्तु जो अन्याय और भेदभाव करते हैं, वे भी सही मानवीय विकास की संभावनाओं से दूर हो जाते हैं, उनका सही विकास नहीं होता है और वे संकीर्ण विचारों के जाल में फंसे हुए अपने और अपने निकटस्थों के लिए कई समस्याएं उत्पन्न करते रहते हैं। दूसरी ओर अहिंसा और अमन-शांति का संदेश सही ढंग से पूरे समाज में पहुंचता है तो समुदाय के सभी लोगों की उचित न्यायसंगत प्रगति के अवसर बढ़ते हैं, पूरे समुदाय की एकता और मजबूती बढ़ती है, खुशहाली बढ़ती है।

# दुनिया का सबसे महंगा चुनाव है गंभीर चुनौती

**ललित गर्ग**

विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत के लोकसभा चुनाव 2024 अनेक दृष्टियों से यादगार, चर्चित, आक्रामक एवं ऐतिहासिक होने के साथ-साथ अब तक का सबसे महंगा एवं दुनिया का सबसे खर्चीला चुनाव है। सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज की हालिया रिपोर्ट के अनुसार इस बार का चुनावी खर्च एक लाख बीस हजार करोड़ रुपये के खर्च के साथ दुनिया का सबसे महंगा चुनाव होने की ओर अग्रसर है। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव के खर्च की तुलना में इस बार दुगुना खर्च होगा। चुनाव प्रक्रिया अत्यधिक महंगी एवं धन के वर्चस्व वाली होने से राजनीतिक मूल्यों का विसंगतिपूर्ण एवं लोकतंत्र की आत्मा का हनन होना स्वाभाविक है। चुनाव जनतंत्र की जीवनी शक्ति है। यह राष्ट्रीय चरित्र का प्रतिबिम्ब होता है। जनतंत्र के स्वस्थ मूल्यों को बनाए रखने के लिए चुनाव की स्वस्थता, पारदर्शिता, मितव्ययता और उसकी शुद्धि अनिवार्य है। चुनाव की प्रक्रिया गलत होने पर लोकतंत्र की जड़े खोखली होती चली जाती हैं। करोड़ों रुपए का खर्चीला चुनाव, अच्छे लोगों के लिये जनप्रतिनिधि बनने का रास्ता बन्द करता है और धनबल एवं धंधेबाजों के लिये रास्ता खोलता है। इन चुनावों में अर्थ का अनुचित एवं अतिशयोक्तिपूर्ण खर्च का प्रवाह जहां चिन्ता का कारण बन रहा है, वहीं समूची लोकतांत्रिक प्रणाली को दूषित करने का सबब भी बन रहा है। इस तरह की बुराई एवं विकृति को देखकर आंख मूंदना या कानों में अंगुलियां डालना दुर्भाग्यपूर्ण है, इसके विरोध में व्यापक जनचेतना को जगाना जरूरी है। यह समस्या या विकृति किसी एक देश की नहीं, बल्कि दुनिया के समूचे लोकतांत्रिक राष्ट्रों की समस्या है।

18वीं लोकसभा चुनाव में हर राजनैतिक दल अपने स्वार्थ की बात सोच रहा है तथा येन-केन-प्रकारेण ज्यादा से ज्यादा वोट प्राप्त करने की अनैतिक तरकीबें निकाल रहा है। एक-एक प्रत्याशी चुनाव का प्रचार-प्रसार करने में करोड़ों रुपयों का व्यय करता है। यह धन उसे पूंजीपतियों, उद्योगपतियों, राजनीतिक दलों एवं प्रायोजकों से मिलता है। चुनाव जीतने के बाद वे उद्योगपति उनसे अनेक सुविधाएं प्राप्त करते हैं। इसी कारण सरकार उनके अनुचित दबाव के विरुद्ध कोई आवाज नहीं उठा पाती और अनैतिकता एवं आर्थिक अपराध की परम्परा को सिंचन मिलता रहता है। यथार्थ में देखा जाए तो जनतंत्र अर्थतंत्र बनकर रह जाता है, जिसके पास जितना अधिक पैसा होगा, वह उतने ही अधिक वोट खरीद सकेगा। लेकिन इस तरह लोकतंत्र की आत्मा का ही हनन होता है, इस सबसे उन्नत एवं आदर्श शासन प्रणाली पर अनेक प्रश्नचिन्ह खड़े होते हैं।

सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज रिपोर्ट के मुताबिक आमतौर पर चुनाव अभियान के लिए धन अलग-अलग स्रोतों से अलग-अलग तरीको से उम्मीदरवारों और राजनीतिक दलों के पास आता है। राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों को चुनाव खर्च के लिए मुख्य रूप से रियल इस्टेट, खनन, कारपोरेट, उद्योग, व्यापार, ठेकेदार, चिटफण्ड कंपनियां, ट्रांसपोर्टर, परिवहन ठेकेदार, शिक्षा उद्यमकर्ता, एनआआई, फिल्म, दूरसंचार जैसे प्रमुख स्रोत है। इस साल डिजिटल मीडिया द्वारा प्रचार बहुत ज्यादा हो रहा है। राजनीतिक दल पेशेवर एजेंसिया की सेवाएं ले रहे हैं। इनसे सबसे अधिक राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों द्वारा प्रचार अभियान, रैली, यात्रा खर्च के साथ-साथ सीधे तौर पर गोपनीय रूप से मतदाताओं को सीधे नकदी, शराब, उपहारों का वितरण भी शामिल है। देश में 1952 में हुए पहले आम चुनाव की तुलना में 2024 में 500 गुणा अधिक खर्च होने का अनुमान है। प्रति मतदाता 6 पैसे से बढ़कर आज 52 रुपये खर्च होने का अनुमान है। हालांकि रिपोर्ट के मुताबिक चुनाव में होने वाले वास्तविक खर्च और अधिकारिक तौर पर दिखाए गए खर्चे में काफी अंतर है। रिपोर्ट के मुताबिक 2019 के लोकसभा चुनाव में देश के 32 राष्ट्रीय और राज्य पार्टियों द्वारा आधिकारिक तौर पर सिर्फ 2,994 करोड़ रुपये का खर्च दिखाया। इनमें दिखाया गया कि राजनीतिक दलों ने 529 करोड़ रुपये उम्मीदवारों को चुनाव लड़ने के लिए दिए थे। रिपोर्ट के मुताबिक चुनाव में राजनीतिक दलों द्वारा निर्वाचन आयोग में पेश खर्च का ब्यौरा और वास्तविक खर्च के साथ-साथ उम्मीदवारों द्वारा अपने स्तर पर किए जा रहे खर्चे में काफी अंतर है। अमेरिकी चुनाव पर नजर रखने वाली एक वेबसाइट के रिपोर्ट का हवाला देते हुए, सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज के अध्यक्ष एन भास्कर राव ने कहा कि यह 2020 के अमेरिकी चुनावों पर हुए खर्च के लगभग बराबर है, जो 14.4 बिलियन डॉलर यानी 1 लाख 20 करोड़ रुपये था। उन्होंने कहा कि दूसरे शब्दों में कहें तो भारत में 2024 में दुनिया का सबसे बड़ा चुनाव अब तक का सबसे महंगा चुनाव साबित होगा। भारत में होने वाले चुनाव में हो रहे बेसुमार खर्च की तपीश समूची दुनिया तक पहुंच रही है। समूची दुनिया के तमाम देशों में भारत के चुनाव को न केवल दम साध कर देखा जा रहा है बल्कि इन चुनाव के खर्चों एवं लगातार महंगे होते चुनाव की चर्चा भी पूरी दुनिया में व्याप्त है। लोकसभा चुनाव में भाजपा, कांग्रेस, सपा, बसपा, तूणमूल कांग्रेस आदि दलों एवं उनके उम्मीदावारों ने मतदाताओं को प्रभावित करने के लिये तिजोरियां खोल दी है। यह चुनाव राष्ट्रीय मसलों के मुकाबले राजनीतिक दलों के हित सुरक्षित रखने के वादे पर ज्यादा केंद्रित लग रहा है और टकराव के मुद्दे थोड़े ज्यादा तीखे हैं। लेकिन अगर मुद्दों से इतर अभियानों की बात करें तो यह खबर ज्यादा ध्यान खींच रही है कि इस बार चुनाव अब तक के इतिहास में सबसे खर्चीला साबित होने जा रहा है। इस चुनावों के अत्यधिक खर्चीले होने का असर व्यापक होगा।




मेष राशि: आज आपका दिन सुखद रहने वाला है। आज आपके लिए कोई जमीन या मकान खरीदने के योग बन रहे हैं। कार्यक्षेत्र में आपको मनचाहा लाभ प्राप्त करेंगे। आपके लिए स्थान परिवर्तन के योग हैं। आपका वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा। आज आपको माता पिता और परिवार के अन्य सदस्यों का पूरा साथ मिलेगा।

वृष राशि: आज आपका दिन उत्तम रहेगा। मान सम्मान में वृद्धि होगी। आपका पारिवारिक वातावरण शांतिपूर्ण रहेगा। सार्वजनिक क्षेत्र में आपकी छवि के अनुसार आपको परिणाम मिलेंगे। आज आप किसी से बात करते वक्त संयम रखें। अगर आप कोई बिजनेस करते हैं, तो उसे बढ़ाने के लिए थोडी और मेहनत करने की जरूरत है।

मिथुन राशि: आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। समाज में आपकी मान प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। आप अपने कारोबार में किसी नए कार्य की शुरुआत कर सकते हैं, जिसमें आप समय-समय पर नया बदलाव करेंगे। इस दौरान आप घर में कोई लग्जरी आइटम खरीदेंगे।

कर्क राशि: आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज आप माता-पिता से आप अपने मन की बातों को साझा करेंगे। आपका विनम्र स्वभाव साराहा जाएगा। आपका धन कहां खर्च हो रहा है। इस पर आपको नजर बनाए रखने की जरूरत है। आज आपको बेवजह की उलझन लेने से बचना चाहिए। छात्रों को आज किसी प्रतियोगी परीक्षा का बेहतर परिणाम हासिल होगा।

सिंह राशि: आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आप अपने आप को काफी तरोताजा महसूस करेंगे, जिससे आप अपने सभी कार्यों को समय पर पूरा करने में सफल होंगे। आज मित्रों की सहायता से आपको आय के अवसर मिलेंगे, जिनसे आप लाभ कमा कर आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाएंगे।

कन्या राशि: आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। परिवार का सहयोग मिलेगा और यह सीखेंगे की धन को कैसे बचा कर रखा जाता है, जिससे भविष्य में कोई परेशानी ना हो। साथ ही आज आपके ऊपर परिवार की कुछ जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी, जिन्हें आप पूरा करेंगे।

तुला राशि: आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज उच्च वर्ग के लोगों से आपका संपर्क जुड़ेगा। आज किसी मित्र से कॉल पर बात होगी, पुरानी यादें ताजा हो जाएगी। संतान पक्ष से सुखद अनुभूति होगी।

वृश्चिक राशि: आज आपका दिन अनुकूल रहने वाला है। आज आप कोई नया कारोबार शुरू करने का मन बना सकते हैं। साथ ही बड़ों की सलाह लेना उचित रहेगा। इस राशि के डांस में रूचि लेने वाले लोगों को ऊंचाइयों तक पहुंचने का जल्द मौका मिलेगा। आज किसी विषय में ज्यादा न सोचें, वरना आपको उलझन होगी।

धनु राशि: आज आप महत्वपूर्ण कार्यों में व्यस्त रहेंगे। आज किसी रिश्तेदार को दिए रुपए आपको वापस मिलेंगे। सोंचे हुए कार्यों में उनका इस्तेमाल करेंगे। मीडिया से जुड़े लोगों को आज अच्छा लाभ मिलेगा। प्राइवेट जॉब के लोगों को आज प्रमोशन से जुडी अच्छी खबर मिल सकती है। वैवाहिक जीवन में आपसी लगाव बढेगा।

मकर राशि: आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। प्रतियोगी परीक्षा के छात्र अपनी तैयारी जम कर करें, जल्द अच्छे अंक हासिल होंगे। ऑफिस में फ़ोन का उपयोग कम करें, अन्यथा आपकी छवि ख़राब हो सकती है। बेवजह की भागदौड़ से आपको थकावट महसूस होगी। बच्चों के साथ आज मनोरंजन करके समय बिताएंगे।

कुंभ राशि: आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। नौकरी में आज आपको सुखद परिवर्तन नजर आएंगे। तैयारी कर रहे छात्रों को अच्छे अंक मिलेंगे, जिससे आप आगे बढ़ पाएंगे। आज आपका स्वास्थ्य फिट एंड फाइन रहेगा। आपकी सभी उलझने आज समाप्त होंगी। कपडा व्यापारियों को आज अच्छा धन लाभ होगा।

मीन राशि: आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज आर्थिक स्थिति मजबूत बनेगी, आज आपकी पहले से चल रही द्वद्वद्व पूरी होगी। आज फैशन डिजाइनर्स का दिन बेहतर रहेगा। आज कोई ऑनलाइन बड़ा आर्डर आपको मिलेगा। दांपत्य जीवन में मधुरता बढ़ेगी। आपकी पारिवारिक स्थिति पहले से अनुकूल बनेगी। आज बेटे का रिजल्ट आ सकता है, रिजल्ट उनके पक्ष में होगा।

# बैलेट पेपर व वीवीपीएटी पर सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला

## बैलेट पेपर से चुनाव कराने व वीवीपीएटी स्लिप की 100 प्रतिशत क्रॉस चेकिंग का चैप्टर दि एंड-सुप्रीम कोर्ट ने सभी याचिकाएं खारिज की

एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया

गोंदिया - वैश्विक स्तरपर दुनियां के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में ऐसा भी एक जमाना था जब हम बैलेट पेपर के द्वारा अपना वोट देते थे। यानें अपने मनपसंद उम्मीदवार और उसके चुनाव चिन्ह पर ठप्पा लगाते थे। इस व्यवस्था के दुष्प्रभाव में हमने दूरदर्शन व अन्य चैनलों पर बूथ कैपचरिंग सहित बैलेट पेपरों पर धड़ाधड़ ठप्पे लगाते पेटी में डालते हुए भी चैनलों में देखे थे तथा लाइनों में खड़े मतदाताओं को भगा दिया जाता था यह भी मैंने चैनलों पर स्वयं देख था। फिर समय का चक्कर ऐसा चला कि प्रौद्योगिकी का तेजी के साथ विकास हुआ तो मतदान में बैलेट पेपर से हटकर ईवीएम मशीनों का उपयोग कर दिया जाने लगा। फिर हमने ईवीएम की गड़बड़ियों के बारे में भी अनेक आरोप प्रत्यारोप मीडिया में देखे व सुने फिर वीवीपीएटी आया, जिसमें हम देख सकते हैं कि वोट हमारे पसंदीदा उम्मीदवार को गया या नहीं, जो मैंने स्वयं ने भी 19 अप्रैल 2024 को मतदान के दौरान यह देखा, फिर इसकी पर्चियों का 100 प्रतिशत क्रॉस वेरिफिकेशन का मुद्दा आया यह सभी मुद्दे विवादों में घिरते हुए सुप्रीम कोर्ट की दहलीज तक जा पहुंचे, जिसमें माननीय सुप्रीम कोर्ट ने संबंधित पक्षों को नोटिस जारी कर सुनवाई पूरी की और फैसला सुरक्षित रखा था, जो आज दिनांक 26 अप्रैल 2024 को माननीय दो जजों की बेंच ने बैलेट पेपर से चुनाव कराने ववीवीपीएटी स्लिपों की 100 प्रतिशत क्रॉस चेकिंग की याचिका को खारिज़ कर दिया जिसका चैप्टर अब दि एंड हो गया है। चूंकि बैलेट पेपर व एवं वीवीपीएटी पर सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला आज आया है,इसीलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण की वोटिंग के दिन सुप्रीम कोर्ट ने बैलेट पेपर व एवं वीवीपीएटी का शतप्रतिशत मिलान की मांग को झटका लगा है,परंतु फैसले का सम्मान सभी पक्ष करेंगे।

साथियों बात अगर हम दिनांक 26 अप्रैल 2024 को आए माननीय सुप्रीम कोर्ट के फैसले की करें तो,लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण की वोटिंग के बीच शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने वीवीपैट वेरिफिकेशन की मांग को लेकर सभी याचिकाओं को खारिज कर दिया है।बैलेट पेपर की मांग को लेकर दर्ज याचिका भी खारिज कर दी गई है।कोर्ट के इस फैसले से ईवीएम के जरिए डाले गए वोट की वीवीपैट की पर्चियों से शत-प्रतिशत मिलान की मांग को झटका लगा है। एससी ने साफ कर दिया है कि देश में बैलेट पेपर से वोटिंग का दौर वापस नहीं आएगा। यानें मतदान तो ईवीएम से ही होगा, इसके साथ ही वीवीपैट से 100 फीसदी पर्ची मिलान भी नहीं होगा। हालांकि, ईवीएम 45 दिनों तक सुरक्षित रहेगी और अगर




नतीजों के बाद 7 दिनों के भीतर शिकायत की जाती है तो जांच कराई जाएगी। एससी ने इस मामले से जुड़ी सभी याचिकाएं खारिज कर दी हैं। माननीय जस्टिसने कहा, हमने सभी याचिकाओं को खारिज किया है। कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया है कि चुनाव के बाद सिंबल लोडिंग यूनिटों को भी सील कर सुरक्षित किया जाए। कोर्ट ने निर्देश दिया कि उम्मीदवारों के पास परिणामों की घोषणा के बाद टेक्निकल की एक टीम द्वारा ईवीएम के माइक्रो कंट्रोलर प्रोग्राम की जांच कराने का विकल्प होगा, जिसे चुनाव की घोषणा के 7 दिनों के भीतर किया जा सकेगा।वोटिंग पर्चियों की गिनती पर कोर्ट ने कहा, सिंबल लोडिंग यूनिट्स के पूरा होने पर कंटेनर में सील कर दिया जाएगा, इस पर उम्मीदवारों के हस्ताक्षर होंगे और नतीजे घोषित होने के बाद 45 दिन के लिए स्ट्रॉन्ग रूम में रखा जाएगा। साथियों बात अगर हम माननीय कोर्ट में चुनाव आयोग द्वारा रखे गए पक्ष की करें तो,चुनाव आयोग के अधिकारी ने कोर्ट को बताया कि एक वोटिंग यूनिट में एक बैलट यूनिट,कंट्रोल यूनिट और एक वीवीपीएटी यूनिट होती है। सभी यूनिट में अपना अपना माइक्रो कंट्रोलर होता है। इन कंट्रोलर से छेड़छाड़ नहीं हो सकती। सभी माइक्रो कंट्रोलर में सिर्फ एक ही बार प्रोग्राम फीड किया जा सकता है। चुनाव चिह्न अपलोड करने के लिए हमारे पास दो मैन्युफैक्चर हैं, एक ईसीआई है और दूसराभारतइलेक्ट्रॉनिक्स। चुनाव आयोग ने बताया कि सभी ईवीएम 45 दिन तक स्ट्रॉन्ग रूम में सुरक्षित रखी जाती हैं। उसके बाद रजिस्ट्रार, इलेक्शन कमीशन से इस बात की पुष्टि की जाती है कि क्या चुनाव को लेकर कोई याचिका तो दायर नहीं हुई है।अगर अर्जी दायर नहीं होती है तो स्ट्रॉन्ग रूम को खोला जाता।कोई याचिका दायर होने की सूरत में स्ट्रॉन्ग रूम को सीलबन्द रखा जाता है। बुधवार को एससी ने कहा था कि अदालत चुनाव की नियंत्रण अथॉरिटी नहीं हैं।अदालत ने ईवीएम मुद्दे पर दो बार दखल दिया है। बेंच ने याद दिलाया कि सुप्रीम कोर्ट ने इससे पहले वीवीपीएटी पर दो आदेश जारी किए हैं, जो एक स्वतंत्र वोट सत्यापन प्रणाली है और मतदाताओं को यह देखने में सक्षम बनाती है कि उनके वोट सही ढंग से दर्ज किए गए हैं या नहीं. कोर्ट ने कहा, एक आदेश तब पारित किया गया था जब अदालत ने चुनावों के दौरान वीवीपैट के उपयोग का आदेश दिया था और दूसरा आदेश तब पारित किया गया था जब अदालत ने निर्देश दिया था कि वीवीपैट का उपयोग एक से बढ़ाकर पांच बूथों तक किया जाना चाहिए। अब आप सभी चाहते हैं कि हम मतपत्रों पर वापस जाने के लिए निर्देश जारी करें।बेंच ने कहा, यदि जरूरी हुआ तो वो मौजूदा ईवीएम सिस्टम को मजबूत करने के लिए निर्देश पारित कर सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने अप्रैल 2019 में चुनाव आयोग से कहा था कि किसी संसदीय क्षेत्र में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में ईवीएम के साथ वीवीपैट की संख्या एक से बढ़ाकर पांच कर दी जाए। साथियों बात अगर हम इस केस और फैसले के असर को सभी पक्षकारों के नजरिए से समझने की कोशिश करें तो,केस और फैसले के असर को इन सभी पक्षों के नजरिए से समझते हैं (1) आम आदमी यानी मतदातासुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से आम आदमी की वोट देने की प्रोसेस में कोई बदलाव नहीं होगा। वोटर पोलिंग बूथ जाएगा। अंगुली पर स्याही लगेगी। चुनाव अधिकारी कंट्रोल यूनिट का बटन दबाएगा। वोटर बैलट यूनिट में कैंडिडेट के नाम के सामने का बटन दबाएगा और फिर कुछ सेकेंड तक वीवीपैट की लाइट में अपनी पर्ची देख सकेगा।(2) राजनीतिक पार्टियां और कैंडिडेट्स,फैसले के बाद राजनीतिक पार्टियां और कैंडिडेट्स के लिए एक रास्ता खुला है। वे ईवीएम की जांच करवा सकेंगे। इसे नीचे दिए पॉइंट्स से समझिए। दूसरे या तीसरे नंबर पर आने वाले किसी कैंडिडेट को शक है तो वह रिजल्ट घोषित होने के 7 दिन के भीतर शिकायत कर सकता है। शिकायत के बाद ईवीएम बनाने वाली कंपनी के इंजीनियर्स इसकी जांच करेंगे।किसी भी लोकसभा क्षेत्र में शामिल विधानसभा क्षेत्रवार की टोटल ईवीएम में से 5 प्रतिशत मशीनों की जांच हो सकेगी। इन 5 प्रतिशत ईवीएम को शिकायत करने वाला प्रत्याशी या उसका प्रतिनिधि चुनेगा।इस जांच का खर्च कैंडिडेट को ही उठाना होगा। चुनाव आयोग ने बताया-जांच की समय सीमा और खर्च को लेकर जल्द ही जानकारी शेयर की जाएगी।जांच के बाद अगर ये साबित होता है कि ईवीएम से छेड़छाड़ की गई है तो शिकायत करने वाले कैंडिडेट को जांच का पूरा खर्च लौटा दिया जाएगा।(3)याचिकाकर्ता,उनकी सभी याचिकाएं खारिज हो गईं, लेकिन ईवीएम की जांच के आदेश से थोड़ी राहत मिली। एडीआर के वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने कई निर्देश दिए, जिसमें कैंडिडेट्स के लिए शिकायत और फिर जांच की बात भी है।

इसके बाद सभी याचिकाएं खारिज कर दी गईं।(4) चुनाव आयोग,सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को 3 निर्देश दिए हैं। (1) सिंबल लोडिंग प्रक्रिया के पूरा होने के बाद इस यूनिट को सील कर दिया जाए।

## हंदवाड़ा में स्वयंभू फकीर ने महिला की कुल्हाड़ी मारकर हत्या की, गिरफ्तार

श्रीनगर (आरएनएस)। उत्तर कश्मीर में कुपवाड़ा जिले के हंदवाड़ा से हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक स्वयंभू फकीर ने 60 साल की महिला की कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने शनिवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने बताया कि गुलाम रसूल उर्फ लस्सा बाब नाम के एक स्वयंभू फकीर ने शुक्रवार को हंदवाड़ा तहसील के चोगल गांव में अपने कमरे में 60 वर्षीय एक महिला की कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी।

फकीर को गिरफ्तार कर लिया गया है। कानून की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। डॉक्टरों ने कहा है कि तथाकथित फकीर पागल आदमी है। इस घटना से पूरी घाटी में सदमे की लहर दौड़ गई। भरोसेमंद लोग, ज्यादातर महिलाएं, ऐसे लोगों से मदद मांगने जाते थे।

## काशी और अयोध्या के बाद अब हम मथुरा की ओर बढ़ चले हैं : योगी आदित्यनाथ

फिरोजाबाद/लखनऊ (आरएनएस)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक बार फिर कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के खिलाफ सीधा मोर्चा खोलते हुए कहा है कि राम और कृष्ण की धरती पर ये लोग गोकशी की छूट देना चाहते हैं। फिरोजाबाद लोकसभा सीट के लिए बीजेपी प्रत्याशी ठाकुर विश्वदीप सिंह के लिए चुनाव प्रचार करने पहुंचे मुख्यमंत्री योगी ने यहां जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि काशी और अयोध्या के बाद अब वे मथुरा की ओर बढ़ चले हैं। मुख्यमंत्री योगी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि 'डिस्कवरी ऑफ इंडिया' वाले लोगों को लगता है कि राम और कृष्ण हुए ही नहीं थे। उन्होंने कहा कि एक तरफ मोदी सरकार देश के 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन दे रही है, वहीं कांग्रेस राज में उनके चट्टे-बट्टे गरीबों का राशन भी डकार जाते थे।मुख्यमंत्री ने अपने भाषण में कहा कि हम काशी और अयोध्या के बाद मथुरा की ओर बढ़ चले हैं। उन्होंने सपा को टार्गेट करते हुए कहा कि क्या उन लोगों ने कभी ब्रज क्षेत्र के विकास के लिए कभी कुछ किया है। उन्हें यादवों में भी केवल अपने परिवार के लोगों को लाभ पहुंचाया है।



बारपेटा में चल रहे लोकसभा चुनावों के बीच एक सार्वजनिक बैठक के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे.

### देश के चार प्रमुख हवाई अड्डों को बम से उड़ाने की धमकी, सीआईएसएफ को मेल में लिखा- पकड़ सको तो पकड़ लो

नई दिल्ली,(आरएनएस)। देश के चार हवाई अड्डों को बीते दिन बम से उड़ाने की धमकी मिली है। एक ई-मेल के जरिए ये दावा किया गया कि कोलकाता हवाई अड्डे सहित देश के चार अलग-अलग हवाई अड्डों पर बम रखे गए हैं। ये खबर मिलते ही प्रशासन में हड़कंप मच गया।

सीआईएसएफ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि ये ईमेल 26 अप्रैल को मिला था, जिसमें दावा किया गया कि देश के चार अलग-अलग हवाई अड्डों पर बम रखे गए हैं। जानकारी मिलते ही हवाईअड्डों की गहन जांच की गई और बाद में ये धमकी अफवाह निकली।

बीते दिन जयपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को भी बम से उड़ाने की धमकी मिली थी, जिसके बाद हडकंप मच गया। हवाई अड्डे के अधिकारिक फीडबैक आईडी पर शुक्रवार दोपहर में धमकी का ईमेल आया था। इसके बाद हवाई अड्डे के सुरक्षाकर्मियों और बम निरोधक दस्ते ने सर्च ऑपरेशन चलाया। साइबर टीम भी मौके पर पहुंची।

### अरविंद केजरीवाल पूरी तरह से स्वस्थ, इंसुलिन जारी रखनी होगी

नई दिल्ली (आरएनएस)। तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के स्वास्थ्य को लेकर बड़ी अपडेट सामने आई है। अपडेट यह है कि जेल के एक सूत्र के मुताबिक दिल्ली की एक अदालत के निर्देश पर गठित पांच सदस्यीय मेडिकल बोर्ड ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जेल में दो यूनिट इंसुलिन लेना जारी रखने को कहा है। सूत्र ने कहा कि निर्धारित दवाओं की सूची में कोई बदलाव नहीं किया गया है। डॉक्टरों ने ये भी कहा है कि केजरीवाल फिलहाल बिल्कुल स्वस्थ हैं।दिल्ली की एक अदालत के आदेश पर दिल्ली एम्स के पांच डॉक्टरों की टीम ने शनिवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए उनके स्वास्थ्य की समीक्षा की थी।

## कुकी उग्रवादियों का सीआईएसएफ बटालियन पर हमला, घात लगाकर किया अटैक; 2 जवान शहीद

इंफाल (आरएनएस)। मणिपुर में हिंसा का दौर खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। खबर है कि कुकी उग्रवादियों ने बीती देर रात में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवानों पर हमला कर दिया। इस हमले में सीआरपीएफ के दो जवान शहीद हो गए हैं। जानकारी के मुताबिक हमला आधी रात को शुरू हुआ और इलाके में 2.15 बजे तक जारी रहा।पुलिस ने बताया कि शहीद दोनों जवान मणिपुर के बिष्णुपुर जिले के नारानसेना इलाके में तैनात CRPF की 128 वीं बटालियन के थे। बता दें कि यह पहली बार नहीं है कि जब इस तरह से जवानों पर हमला किया गया है। इससे पहले भी कई बार जवानों पर कुकी



उग्रवादियों द्वारा हमला किया जा चुका है। इससे पहले कुकी उग्रवादियों ने तीन जिलों कांगपोकपी, उखरूल और इंफाल पूर्व के ट्राइजंक्शन जिले में एक दूसरे पर फायरिंग की। इस गोलीबारी में कुकी समुदाय के 2 लोगों की मौत हुई थी। इसके बाद थौबल जिले के हेइरोक और तेंगनौपाल के बीच 2 दिनों तक क्रॉस फायरिंग हुई थी। इसके बाद इंफाल के पूर्वी जिले के मोइरंगपुरेल में फिर से हिंसा की आग भड़क उठी थी। इससे पहले, आम चुनाव के पहले चरण के दौरान छत्तीसगढ़ में एक IED विस्फोट में CRPF के एक सहायक कमांडेंट घायल हो गए थे।

## मुसलमानों के लिए हिंदुओं की हकमारी कर रही कांग्रेस, लालू-तेजस्वी चुप क्यों हैं : गिरिराज सिंह



बेगूसराय (आरएनएस)। केंद्रीय मंत्री और बेगूसराय संसदीय क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी गिरिराज सिंह ने शनिवार को कांग्रेस और राजद पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस मुसलमानों के लिए हिंदुओं की हकमारी कर रही है। उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि कर्नाटक में जहां ओबीसी का अधिकार छीनकर मुसलमानों को दे दिया जा रहा है, उस पर राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद और तेजस्वी यादव चुप क्यों हैं।

पत्रकारों से चर्चा करते हुए गिरिराज सिंह ने कहा कि एक तरह से कांग्रेस मुसलमानों के लिए हिंदुओं का गला काट रही है। कांग्रेस चाहती है कि देश में गृह युद्ध हो जाए।

उन्होंने कहा कि कर्नाटक में मुसलमानों को ओबीसी का दर्जा देकर कांग्रेस क्या चाहती है। कर्नाटक में जहां ओबीसी के साथ हकमारी की जा रही है, इस मुद्दे पर लालू प्रसाद और तेजस्वी यादव चुप क्यों है।

सिंह ने कहा कि कांग्रेस जिस तरह की राजनीति कर रही है, वह तुष्टिकरण की पराकाष्ठा है।

उन्होंने दावा करते हुए कहा कि आज मुसलमान अल्पसंख्यक नहीं बहुसंख्यक है। मुसलमानों को अब अल्पसंख्यक कहना हिंदुओं के साथ नाइंसाफी है।

### हुक्का बार चलाते दो युवक गिरफ्तार

रायपुर,(आरएनएस)। विधानसभा पुलिस के टीम ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम पिरदा स्थित श्रीराम फार्म हाउस में दबिश देकर हुक्का बार चलाते दो युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से लाखों रुपए का सामान जब्त किया है।

मिली जानकारी के अनुसार पुलिस के टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम पिरदा स्थित श्रीराम फार्म हाउस में अवैध रूप से हुक्का बार संचालित कर रहे है। सूचना पर पुलिस के टीम ने दबिश देकर आरोपी राजेन्द्र कुमार 28 वर्ष और सेमयूल मसीह 21 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से हुक्का, इलेक्ट्रॉनिक हिटर, फ्लेवर, माउथ कीप, चिलम स्टाटर जब्त किया है।

## नैनीताल के जंगलों में भीषण आग पर काबू पाने में लगा एमआई-17 हेलीकॉप्टर

नैनीताल (आरएनएस)। उत्तराखंड में नैनीताल व आसपास के जंगलों में भीषण आग लगी है। सरकार ने आग पर काबू पाने के लिए एयरफोर्स का एमआई-17 हेलीकॉप्टर लगा दिया है। हेलीकॉप्टर ने शनिवार सुबह भीमताल झील से पानी भरा और पाइंस क्षेत्र में आग बुझाई। इससे पहले भी साल 2019 और 2021 में अनियंत्रित आग पर काबू पाने के लिए एमआई-17 हेलीकॉप्टर का इस्तेमाल किया गया था।नैनीताल से लगे पाइंस, भूमियाधार, ज्योलीकोट, नारायणनगर, भवाली, रामगढ़, मुक्तेश्वर आदि के जंगल इन दिनों बुरी तरह से धधक रहे हैं।



इस साल बारिश कम होने के कारण सूखे जंगल जगह-जगह जल रहे हैं। दमकल विभाग और वन विभाग आग पर काबू पाने में लगा है। आग इतनी तेज है कि दोनों विभागों के अलावा आर्मी के जवान भी आग पर काबू पाने में जुट गए हैं।मुख्यमंत्री और प्रशासन के आला अधिकारियों के बीच गहन बातचीत के बाद फैसला लिया गया कि आग पर काबू पाने के लिए एयरफोर्स के हेलीकॉप्टर की मदद ली जाए।इस मिशन के तहत एयरफोर्स का एमआई-17 हेलीकॉप्टर नैनीताल पहुंचा। सुबह हवा और पानी की व्यवस्था देखने के बाद लगभग 7 बजे हेलीकॉप्टर ने भीमताल झील से बकेट (बाल्टी) में पानी भरा और मिशन पर निकल गया।एसडीएम प्रमोद कुमार ने बताया कि पाइंस से लेकर लड़िया कांटा के जंगलों में आग अनियंत्रित रूप से बढ़ रही है, जिसे बुझाने के लिए हेलीकॉप्टर को भेजा गया है।बात दें कि इससे पहले भी वर्ष 2019 और 2021 में इसी तरह अनियंत्रित आग पर काबू पाने के लिए एमआई-17 हेलीकॉप्टर बुलाया गया था।

### कंगना ने हिमाचल सरकार से पूछा, प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए दिए गए 1800 करोड़ कहां गए

मंडी (आरएनएस)। मंडी लोकसभा सीट से बीजेपी प्रत्याशी कंगना रनौत ने पन्ना प्रमुख सम्मेलन में कांग्रेस सरकार से सवाल किया कि प्रदेश में आई प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए केंद्र द्वारा दिए गए 1800 करोड़ रुपए कहां गए? कंगना ने आरोप लगाया, प्रदेश सरकार की खराब नीति की वजह से यह पैसा प्रभावित लोगों तक नहीं पहुंचा। हालांकि, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी नुकसान का जायजा लेने आए थे। कंगना ने कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा, कांग्रेस ने सत्ता का दुरुपयोग कर टू-जी, फोर-जी, चारा और ना जाने कितने घोटाले किए। कांग्रेस को प्रदेश की जनता के हितों से कोई सरोकार नहीं है, बल्कि यह पार्टी हमेशा से ही जनता के हितों पर कुठाराघात करने में माहिर है।



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने लोकसभा चुनाव के बीच नई दिल्ली में रोड शो किया.

### दर्दनाक हादसा : दो बाइक के बीच हुई सीधी भिड़ंत, वाहनों में आग लगने से दो लड़के जिंदा जले

बेगूसराय(आरएनएस)। बेगूसराय में बीच सड़क एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो लड़के जिंदा जल गए। दरअसल मुफस्सिल थाना क्षेत्र के खम्हार गौतम धाम के पास एसएच- 55 पर शनिवार की सुबह दो बाइकों के बीच सीधी टक्कर हो गई। इससे दोनों बाइक में आग लग गई। आग की लपटें इतनी तेज थी बाइक चालक दो युवकों को भागने तक मौका नहीं मिला और जिंदा जल गए।

वहीं बाइक पर सवार दो अन्य युवक दूर गिरने की वजह से गंभीर रूप से जख्मी ही गए। दोनों की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। आग लगने की जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। हर लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया। लेकिन आग की लपटें इतनी तेज थी कि किसी की हिम्मत नहीं पड़ी और बाइक धू-धू कर जलती रही।

घटना की जानकारी मिलते ही मुफस्सिल थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई। अग्निशमन वाहन भी पहुंच कर आग बुझाने का काम किया। पुलिस जांच मे जुट गयी है। अग्निशमन विभाग के अधिकारी ने दो युवकों के जिंदा जलने की पुष्टि की है। वहीं दो अन्य जख्मी युवकों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां दोनों की हालत नाजुक बनी हुई है। वहीं मृतकों के परिवार में शोक की लहर दौड़ गई है।

# पूर्व सांसद धनंजय सिंह की बदली गई जेल, जौनपुर से बरेली हुए शिफ्ट

जौनपुर, (आरएनएस)। पूर्व सांसद धनंजय सिंह को शनिवार को जौनपुर जिला कारागार से बरेली जेल में शिफ्ट किया गया। पुलिस के अनुसार, शासन के आदेश पर उन्हें शिफ्ट किया गया है। धनंजय बीते छह मार्च से जौनपुर के जिला कारागार में बंद थे।

पुलिस अधीक्षक डॉ. अजय पाल शर्मा ने बताया कि शासन के आदेश पर यह कार्रवाई की गई है। एंबुलेंस से पूर्व सांसद को लेकर बरेली जेल पुलिस पहुंची, जिसका वीडियो भी सामने आया है। इसमें कुछ लोग उनसे पूछ रहे हैं कि कुछ कहना है? वह कोई जवाब नहीं देते हैं।

धनंजय सिंह को अपहरण और रंगदारी के मामले में कोर्ट ने सजा सुनाई है। वादी अभिनव सिंघल ने 10 मई 2020 को लाइन बाजार थाने में पूर्व सांसद समेत दो के खिलाफ अपहरण और रंगदारी की एफआईआर दर्ज कराई थी। इसके बाद पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इस मामले में पूर्व सांसद तीन महीने जिला कारागार में बंद रहे। इसके बाद उन्हें जमानत मिल गई। मामले में पुलिस ने विवेचना कर तीन महीने



के भीतर कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल कर दिया।

ज्ञात हो कि धनंजय सिंह को इंजीनियर अभिनव सिंघल के अपहरण और रंगदारी मामले में जौनपुर की एमपी एमएलए कोर्ट ने 6 मार्च को सात साल की सजा सुनाई। तब से वह जौनपुर जेल में बंद हैं। धनंजय सिंह के समर्थकों का कहना है कि जेल शिफ्ट करने को लेकर जेल प्रशासन ने अब तक कोई जानकारी नहीं दी है।

उन्होंने बताया की सुबह 6 बजे जब जेल के गेट पर गाड़ियां लगीं, तब हमें पता चला कि धनंजय सिंह को बरेली शिफ्ट किया जा रहा है। उनको बरेली जेल भेजने की चर्चा पिछले 5 दिनों से चल रही थी। जौनपुर में चुनाव को देखते हुए उनकी जेल बदली गई है।

गौरतलब है कि धनंजय सिंह की पत्नी श्रीकला को बसपा ने जौनपुर से टिकट दिया है। भाजपा ने यहां से महाराष्ट्र के पूर्व गृह राज्यमंत्री कृपाशंकर सिंह को चुनावी मैदान में उतारा है। कृपाशंकर सिंह ने 2021 में कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए थे।

## ईवीएम में मेरी फोटो छोटी और अस्पष्ट : भूपेश बघेल

रायपुर,(आरएनएस)। लोकसभा चुनाव 2024 के दूसरे चरण में मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। छत्तीसगढ़ की 3 सीटों कांकेर, राजनांदगांव और महासमुंद में वोट डाले गए। इन तीनों सीटों से बीजेपी उम्मीदवारों ने तो मतदान किया, लेकिन कांग्रेस के 2 प्रत्याशी ऐसे हैं जो मतदान ही नहीं कर पाए और अब वे खुद के लिए वोट भी नहीं कर पाएंगे। कांग्रेस के जो 2 प्रत्याशी खुद के लिए वोट नहीं कर पाए उनमें पूर्व सीएम भूपेश बघेल और पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू शामिल हैं। बघेल राजनांदगांव से प्रत्याशी हैं, जबकि साहू महासमुंद सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। दोनों ही मतदान नहीं कर पाए हैं, जबकि कांकेर सीट से कांग्रेस प्रत्याशी बीरेश ठाकुर ने परिवार के साथ जाकर मतदान किया। दरअसल, बघेल और साहू दुर्ग संसदीय सीट के वोटर हैं। बघेल पाटन विधानसभा क्षेत्र के मतदाता हैं तो साहू दुर्ग ग्रामीण विधानसभा सीट के। दुर्ग संसदीय क्षेत्र के लिए तीसरे चरण में यानी 7 मई को मतदान होगा। इसी वजह से दोनों आज मतदान नहीं कर पाए हैं। रायपुर। प्रदेश की सबसे हॉट सीट मानी जा रही राजनांदगांव में मतदान काफी हंगामेदार रहा। पहले टेडेसरा में विवाद हुआ इसके बाद पूर्व सीएम और कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल ने ईवीएम में अपनी फोटो को लेकर चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर ही सवाल खड़ा कर दिया।

बघेल ने सोशल मीडिया में पोस्ट करके कहा कि लोकसभा के मतदाता फ़ोन करके शिकायत कर रहे हैं कि ईवीएम में बाकी प्रत्याशियों की फ़ोटो बड़ी और स्पष्ट है लेकिन मेरी फ़ोटो छोटी और अपेक्षाकृत अस्पष्ट है।

## गंगा आरती करने ऋषिकेश पहुंचे रॉबर्ट वाड्रा ने कहा-अमेठी में स्मृति ईरानी का क्या काम



ऋषिकेश ,(आरएनएस)। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा के पति रॉबर्ट वाड्रा उत्तराखंड के ऋषिकेश गंगा आरती करने पहुंचे। रॉबर्ट वाड्रा आध्यात्मिक यात्रा के अंतर्गत शुक्रवार को ऋषिकेश पहुंचे थे। गंगा आरती के अलावा वो भजन में भी शामिल हुए। उनके साथ कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष राजपाल सिंह खरोला, एआईसीसी सदस्य जयेंद्र रमोला, कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मोहित उनियाल, अंशुल अरोड़ा भी ऋषिकेश पहुंचे।

गंगा आरती के बाद उन्होंने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा, मैं 1999 से ही राजनीति में सक्रिय हूं। स्मृति ईरानी ने वहां कोई काम नहीं किया है, वहां की जनता चाहती है कि मैं चुनाव लड़ूं।बीते दिनों अमेठी में कांग्रेस कार्यालय पर रॉबर्ट वाड्रा के पोस्टर लगाए गए थे जिनमें उनसे यहां से चुनाव लड़ने की मांग की गई थी। ये पोस्टर किसने लगाए थे, इसकी जानकारी सामने नहीं आई थी। इसके बाद अमेठी पहुंचीं स्मृति ईरानी ने कहा, अगर रॉबर्ट वाड्रा अमेठी आने में सफल हुए, तो आप लोगों को अपने कागजात छुपाने होंगे, क्योंकि उनकी नजर आपके कागजों पर है।बीजेपी अमेठी में स्मृति ईरानी को चुनावी मैदान में उतार चुकी है, जबकि दूसरे चरण का मतदान संपन्न होने के बावजूद अभी तक कांग्रेस ने इस अहम सीट पर अपने किसी भी प्रत्याशी की घोषणा नहीं की है। बीते दिनों खबर आई थी कि कांग्रेस यहां से राहुल गांधी पर दांव आजमा सकती है।

# प्राची सिंह ने साड़ी के साथ बोल्ड ब्लाउज पहन हिलाया इंटरनेट, पतली कमर पर ठहरीं ट्रोल्स की निगाहें



भोजपुरी सिनेमा की बोल्ड वाला प्राची सिंह सोशल मीडिया की जान बन गई हैं। प्राची सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं और इंस्टाग्राम पर अपने बोल्ड लुक से तहलका मचा देती हैं। एक्ट्रेस की एक-एक फोटो पर फैंस हजारों और लाखों की संख्या में लाइक्स देते हैं। प्राची सिंह वेस्टर्न आउटफिट में ही नहीं बल्कि सलवार सूट से लेकर साड़ी तक में अपना फिगर फ्लॉन्ट करना जानती हैं। हाल ही में प्राची सिंह की कुछ फोटोज इंटरनेट पर आग लगा रही हैं। इन फोटोज में वह पिंक कलर की साड़ी में बला की सुंदर लग रही हैं। आइए आपको प्राची की एक और तस्वीर में के सिजलिंग पोज दिखाते हैं।

प्राची सिंह का इंस्टाग्राम अकाउंट बोल्ड फोटोज से भरा हुआ है। ये फोटोज एक्ट्रेस ने कुछ समय पहले शेयर की थीं, जिसमें वह काफी हसीन लगीं।

प्राची सिंह ने इन फोटोज में ब्लू कलर की साड़ी पहनी हुई है, जिसमें उन्होंने अपना फिगर बहुत की खूबसूरती से फ्लॉन्ट किया। इसके साथ एक्ट्रेस ने पिंक कलर का बोल्ड ब्लाउज पहना।

प्राची सिंह का ये ब्लाउज ब्रा स्टाइल में है, जिसे एक्ट्रेस ने बहुत ही खूबसूरती से पहना। इस डीप नेक ब्लाउज को एक्ट्रेस ने काफी कॉन्फिडेंस के साथ पहना है।

प्राची सिंह ने अपनी इन फोटोज में अलग-अलग पोज दिए हैं। इस फोटो में एक्ट्रेस ने अपनी आंखों को बंद किया हुआ है।

प्राची सिंह ने अपनी इन फोटोज में अलग-अलग पोज दिए हैं। इस फोटो में एक्ट्रेस ने अपनी आंखों को बंद किया हुआ है।

प्राची सिंह ने इस फोटोशूट का एक वीडियो भी शेयर किया है, जिसमें वह अपना फिगर फ्लॉन्ट करती दिख रही हैं। इस वीडियो में एक्ट्रेस की पतली कमरिया पर फैंस की निगाहें रुक गईं।

प्राची सिंह की इन फोटोज को फैंस ने काफी पसंद किया था। हर किसी ने उनके लुक्स की तारीफ की। एक्ट्रेस के लिए हार्ट और फायर के इमोजी आए।

बता दें कि प्राची सिंह अपनी जिंदगी में एक कदम आगे बढ़ चुकी हैं। वह अपने बॉयफ्रेंड किशन राय संग सगाई कर चुकी हैं। कपल की फोटोज काफी वायरल हुईं।

# बॉक्स ऑफिस पर फिल्म दो और दो प्यार की हालत पस्त, एलएसडी 2 दम तोड़ने के कगार पर

विद्या बालन, इलियाना डिक्रूज और प्रतीक गांधी जैसे सितारों से सजी फिल्म दो और दो प्यार का प्रदर्शन भी बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास नहीं रहा।इस फिल्म ने रिलीज के दिन करोड़ का आंकड़ा नहीं छुआ था और न ही अब तक छु पाई है। हालांकि, लव सेक्स और धोखा 2 के मुकाबले यह दर्शकों को ज्यादा आकर्षित करने में कामयाब रही।दो और दो प्यार की कमाई के छठे दिन का आंकड़े सामने आ गए हैं। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, दो और दो प्यार ने रिलीज के 7वें दिन 23 लाख रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 3.43 करोड़ रुपये हो गया है।शीर्षा गुहा ठाकुरता के निर्देशन में बनी फिल्म इस फिल्म में सेंथिल राममूर्ति भी प्रमुख भूमिका में हैं।यह फिल्म सिनेमाघरों में कमाई करने के बाद ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नी+ हॉटस्टार पर दस्तक देगी। इस फिल्म का प्रीमियर जून के अंत में होगा। दो और दो प्यार की कहानी काव्या (विद्या) और अनिरुद्ध (प्रतीक) की है, जिनकी शादी उथल-पुथल भरे दौर से गुजर रही है।3 साल तक डेटिंग करने और शादी के 12 साल बाद, काव्या और अनी का रिश्ता नीरस हो चुका है।इसके बाध उनकी जिंदगी में विक्रम (सेंधिल) और नोरा (इलियाना) की एंट्री होती है, जो उनके रिश्ते में नए रंग भरते हैं।अब ऐसा क्या होता है, यह जानने के लिए आपको सिनेमाघरों का रुख करना होगा।वहीं दूसरी ओर दिबाकर बैनर्जी के निर्देशन में बनी एलएसडी 2 की शुरुआत ही




खस्ता तरीके से हुई थी। पहले दिन ही फिल्म की कमाई लाखों में सिमट गई थी। फिल्म को रिलीज हुए चार दिन हो चुके हैं, लेकिन एक भी दिन इसकी कमाई ने करोड़ का आंकड़ा छूने की बात तो दूर उसके निकट तक नहीं पहुंच पाई। फिल्म ने पहले दिन 15 लाख रुपये कमाए थे और गुजरते दिनों के साथ इसमें भी गिरावट आई।

## बॉक्स ऑफिस पर बड़े मियां छोटे मियां की कमाई में गिरावट जारी, मैदान का भी हालत पस्त

अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की फिल्म बड़े मियां छोटे मियां को बॉक्स ऑफिस पर दर्शकों का बेशुमार प्यार मिला, लेकिन हर गुजरते दिन के साथ इसकी दैनिक कमाई में गिरावट देखी जा रही है।फिल्म को सिनेमाघरों में रिलीज हुए 15 दिन बीत चुके हैं और अब इसकी कमाई की रफ्तार धीमी हो चुकी है।बड़े मियां छोटे मियां की कमाई के 15वें दिन के आंकड़े सामने आ गए हैं। यह अब तक का सबसे कम कारोबार है।बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, बड़े मियां छोटे मियां ने अपनी रिलीज के 15वें दिन यानी गुरुवार को 80 लाख रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 58.50 करोड़ रुपये हो गया है।

# महाराजा बन सिनेमाघरों में हुक्म चलाएंगे विजय सेतुपति! फिल्म की रिलीज की तारीख से उठा पर्दा





साउथ अभिनेता विजय सेतुपति इन दिनों अपनी आगामी फिल्म महाराजा को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। अभिनेता के फैंस भी बेसब्री से उनकी इस फिल्म का इंतजार कर रहे हैं। इस फिल्म के जरिए विजय सेतुपति लंबे समय बाद एक गंभीर और मुख्य भूमिका निभाने के लिए लौटे हैं। फैंस के बीच इस फिल्म को लेकर उत्साह इसलिए भी है, क्योंकि यह विजय की 50वीं फिल्म है। वहीं अब इसकी रिलीज को लेकर भी बड़ी जानकारी सामने आई है। कुछ समय पहले फिल्म से विजय सेतुपति का पहला लुक जारी हुआ था, जिसे देख फैंस काफी उत्साहित हो गए थे। वहीं, अब फिल्म की रिलीज को लेकर अपडेट है। रिपोर्ट्स के अनुसार, महाराजा तमिलनाडु में लोकसभा चुनाव खत्म होने के तुरंत बाद सिनेमाघरों में रिलीज होगी। खबरें आ रही हैं कि फिल्म निर्माताओं ने 16 मई को रिलीज की तारीख तय की है। हालांकि, इस खबर पर आधिकारिक तौर पर निर्माताओं की प्रतिक्रिया का इंतजार है।

कुरंगु बोम्मई के लिए जाने जाने वाले निथिलन समीनाथन ने महाराजा को लिखा और निर्देशित किया है। फिल्म का फर्स्ट लुक पोस्टर एक जबर्दस्त एक्शन ड्रामा का वादा करता है, जिसमें विजय सेतुपति को पहले कभी न देखे गए अवतार में दिखाया गया है। एक सैलून के अंदर गहरे चिंतन की स्थिति में बैठे घायल और घायल विजय सेतुपति की छवि ने उत्सुकता जगा दी थी। संभावना है कि यह फिल्म आज देश के सामने मौजूद महत्वपूर्ण राजनीतिक और सामाजिक मुद्दों को दिखाएगी।फिल्म की स्टारकास्ट भी कमाल की है। फिल्म में विजय सेतुपति के अलावा मलयालम स्टार ममता मोहनदास के साथ बॉलीवुड अभिनेता-निर्देशक अनुराग कश्यप भी प्रमुख भूमिका में हैं। तमिल सिनेमा में अभिनेता के रूप में महाराजा अनुराग कश्यप की तीसरी फिल्म है। इससे पहले उन्होंने 2028 में इमाइका नोडिगल (2018) में एक अहम भूमिका निभाई थी और निर्देशक लोकेश कनगराज की ब्लॉकबस्टर फिल्म लियो में एक कैमियो भूमिका निभाई थी।


# निखिल सिद्धार्थ ने किया कार्तिकेय 3 का एलान, दर्शकों को मिलेगा रोमांच का फुल डोज

टॉलीवुड अभिनेता निखिल सिद्धार्थ की फिल्म कार्तिकेय 2 ने बॉक्स ऑफिस पर जमकर धमाल मचाया था। साउथ के साथ इस फिल्म ने हिंदी पट्टी में भी अच्छा



बिजनेस किया था। इस फ्रेंचाइजी को पसंद करने वाले फैंस को लिए एक अच्छी खबर सामने आई है। दरअसल, अभिनेता ने आधिकारिक तौर पर इस एक्शन थ्रिलर फिल्म के तीसरे भाग की घोषणा कर दी है।अभिनेता ने इस बात को कंफर्म किया है कि निर्देशक चंदू मोंडेती फिल्म के तीसरे भाग की पटकथा पर काम कर रहे हैं। फिल्म को लेकर अपडेट देते हुए निखिल ने एक्स पर लिखा, डॉ. कार्तिकेय जल्द ही एक बिल्कुल नए साहसिक कार्य की तलाश में...। इस पोस्ट में उन्होंने फिल्म के निर्देशक को भी टैग किया है।अभिनेता की इस पोस्ट के बाद फैंस काफी ज्यादा उत्साहित हो गए हैं। उनके बयान से लोग अनुमान लगा रहे हैं कि आगामी फिल्म में उन्हें जबर्दस्त सिनेमाई अनुभव प्राप्त होगा।

## क्वीन ऑफ मास काजल अग्रवाल की फिल्म सत्यभामा का पहला सिंगल कल्लारा रिलीज



क्वीन ऑफ मास-नवीनतम टैग- ाजल अग्रवाल अपनी नवीनतम फिल्म सत्यभामा के साथ आ रही हैं, जहां वह मुख्य भूमिका निभा रही हैं, जबकि नवीन चंद्रा अमरेंदर नाम का महत्वपूर्ण किरदार निभा रहे हैं। आज निर्माताओं ने फिल्म का पहला सिंगल कल्लारा रिलीज किया। यह गीत एक राग है, जिसे संगीत निर्देशक श्रीचरण पकाला ने संगीतबद्ध किया है, जिसके बोल रामबाबू गोसाला ने लिखे हैं और सुर की रानी श्रेया घोषाल ने अपनी आवाज दी है।यह गीत युगल सत्यभामा और अमरेंदर के विश्वविद्यालय के दिनों के प्यार और अंतरंगता को दर्शाता है। गाना कल्लारा फिल्म सत्यभामा का एक विशेष आकर्षण होने का वादा करता है। समृद्ध गीतात्मक मूल्यों के साथ मधुर धुन को श्रेया घोषाल के सुंदर स्वरों द्वारा पूरक किया गया।सत्यभामा एक आगामी काजल अग्रवाल अभिनीत एक्शन-ड्रामा है जिसमें अभिनेत्री एक पुलिस वाले की भूमिका निभाती है। सत्यभामा के निर्माताओं ने सकारात्मक प्रतिक्रिया के साथ नवंबर 2023 में अपना पहला टीज़र जारी किया था।

# द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम से जुड़ीं श्रीलीला, विजय की फिल्म में लटके-झटकों से जीतेंगी दिल?



तमिल सुपरस्टार दलपति विजय अपनी आगामी फिल्म 'द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम' को लेकर बीते लंबे समय से सुर्खियों में हैं। फिल्म से जुड़ा हर एक अपडेट हेडलाइंस का हिस्सा बन रहा है। इसी बीच वेंकट प्रभु के निर्देशन में बनी इस फिल्म को लेकर एक और बड़ी जानकारी सामने आई है, जो फैंस के उत्साह को और भी ज्यादा बढ़ाने वाला है।

वेंकट प्रभु द्वारा निर्देशित और एजीएस एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम एक साइंस-फिक्शन एक्शन फिल्म है। फिल्म में विजय दोहरी भूमिका में हैं। हालिया विकास ने प्रशंसकों के बीच उत्साह बढ़ा दिया है क्योंकि रिपोर्टों से पता चलता है कि श्रीलीला कलाकारों में शामिल हो सकती हैं। ताजा रिपोर्ट्स के मुताबिक, श्रीलीला को इस साइंस-फिक्शन एक्शन फिल्म के कलाकारों में शामिल होने के लिए संपर्क किया गया है। कहा जा रहा है कि मेकर्स फिल्म में एक खास गाने के लिए अभिनेत्री से बातचीत कर रहे हैं। हालांकि, कोई और विवरण सामने नहीं आया है और अभी तक इसके बारे में कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है।

दलपति विजय के नए प्रोजेक्ट को लेकर प्रत्याशा के बीच, चिंता तब पैदा हुई जब एक तस्वीर ऑनलाइन सामने आई जिसे लेकर दावा किया गया कि अभिनेता के हाथ में चोट लग गई है। कथित तौर पर द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम की शूटिंग के दौरान लगी इन चोटों ने दुर्घटना की सीमा और परिस्थितियों के बारे में प्रशंसकों के बीच जिज्ञासा पैदा कर दी है।

द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम टीम पहले हाई-ऑक्टेन एक्शन दृश्यों को फिल्माने के लिए रूस गई थी, जिसे अब हालिया झटके के कारण रोक दिया गया है।

इस साइंस-फिक्शन एक्शन फिल्म में मीनाक्षी चौधरी, प्रशांत, प्रभु देवा, माइक मोहन, जयराम, स्नेहा, योगी बाबू जैसे अन्य कलाकार शामिल हैं। फिल्म का पोस्टर जारी होने के बाद अटकलें लगाई गईं कि द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम, हॉलीवुड फिल्म जेमिनी मैन का रीमेक है। हालांकि, वेंकट प्रभु ने साफ कर दिया कि यह एक मूल स्क्रिप्ट है।

# दिल की बीमारी में मीठा खाना सही है या नहीं? कहीं हार्ट अटैक का खतरा तो नहीं बढ़ जाएगा



मीठा किसी भी लिहाज से सेहत के लिए ठीक नहीं है. कोई हेल्दी व्यक्ति खाएं या किसी बीमारी से पीड़ित मीठा खाना किसी के लिए ठीक नहीं होता है. ज्यादा मीठा खाने से वजन बढ़ने के साथ-साथ डिप्रेशन और स्किन से जुड़ी बीमारियों का खतरा काफी ज्यादा बढ़ जाता है. अगर आप मीठा खाने के शौकीन है तो एक सीमित मात्रा में खाएं. अगर आप किसी खास तरह की बीमारी से पीड़ित है तो डॉक्टर की सलाह पर ही मीठा खाएं.

### हार्ट मरीजों को नहीं खाना चाहिए मीठा

अगर कोई व्यक्ति हार्ट का मरीज है तो उसे मीठा खाने से पहले कई सारी सावधानी बरतनी चाहिए. कई हार्ट मरीज ऐसे होते हैं जो अपने खानपान का खास ख्याल नहीं रखते हैं. यहां तक कि वह काफी ज्यादा मीठा खाते हैं ऐसे में हार्ट अटैक का खतरा काफी ज्यादा बढ़ जाता है. हार्ट मरीजों की सेहत बिगड़ सकती है. साथ ही उन्हें कई सारी स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती है. ज्यादा मीठा खाने से हार्ट मरीजों को नुकसान हो सकता है.

### बढ़ सकता है हार्ट डिजीज का खतरा

हार्ट मरीज अंदर से काफी ज्याद कमजोर होते हैं. इस स्थिति में इम्युनिटी कमजोर हो जाती है. ज्यादा मीठा खाने से हार्ट से जुड़ी दूसरी तरह की बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है. ज्यादा चीनी खाने के कारण ट्राइग्लिसराइड्स का लेवल बढ़ जाता है. फैट धीरे-धीरे ब्लड स्ट्रीम में जम जाता है. जिसके कारण हार्ट की बीमारी का खतरा बढ़ जाता है.

### हाई बीपी की प्रॉब्लम

दिल की बीमारी में ज्यादा मीठा खाने से हाई बीपी की बीमारी का रिस्क बढ़ जाता है. ज्यादा मीठा खाने से शरीर में पोटैशियम और सोडियम का नैचुरल बैलेंस बिगड़ जाता है. जिसके कारण बीपी का खतरा काफी ज्यादा बढ़ जाता है.

### शरीर में सूजन का खतरा

हार्ट के मरीज अगर ज्यादा मीठा खाएंगे तो उनके शरीर में कई तरह के सूजन हो सकते हैं. बॉडी में क्रॉनिक इंफ्लेमेशन हो सकती है. इसे हार्ट डिजीज से जोड़कर देख सकते हैं. इसमें एथेरोस्क्लेरोसिस (आर्टरीज का सख्त होना) और कोरोनरी आर्टरी डिजीज शामिल हैं.

# टमाटर का ऐसे करें उपयोग चेहरे पर आएगा इंस्टेंट ग्लो, दाग धब्बों से भी मिलेगा छुटकारा

*चेहरे को खूबसूरत बनाने के लिए टमाटर बेस्ट ऑप्शन है. इसका उपयोग कर आप आसानी से अपने चेहरे को ग्लोइंग और मुलायम बना सकते हैं. टमाटर की मदद से आप अपने चेहरे को चमकदार और बेदाग बना सकते हैं.*

टमाटर हर घर के किचन में आसानी से मिल जाएगा लोग अक्सर इसका इस्तेमाल चटनी, सब्जी और सलाद के रूप में करते हैं. लेकिन इसका इस्तेमाल कर आप चेहरे को खूबसूरत बना सकते हैं. यह त्वचा को हाइड्रेट करने में मदद करता है. आइए जानते हैं इसके इस्तेमाल के बारे में.

टमाटर खाने में स्वादिष्ट होने के साथ त्वचा के लिए भी फायदेमंद होते हैं. आप टमाटर की मदद से फेस पैक बना सकते हैं. इसके लिए आपको टमाटर को पीसकर उसमें दही मिलना होगा. इस पेस्ट को चेहरे पर 20 मिनट के लिए लगाएं, फिर धो लें.

टमाटर और शहद का फेस पैक भी चेहरे के लिए फायदेमंद हो सकता है, इसके लिए आपको पिसे हुए टमाटर में शहद को मिलाकर पेस्ट बनाना होगा. इस पेस्ट को चेहरे और गर्दन पर लगाएं, फिर 20 मिनट के बाद इसे धो लें.

आप ताजा टमाटर का रस निकालकर उसे सीधा चेहरे पर लगा सकते हैं, फिर 20 मिनट के बाद इसे धो ले. ऐसा करने से त्वचा हाइड्रेट रहेगी



और चमकदार बनेगी. आप टमाटर की मदद से स्क्रब भी बना सकते हैं. इसके लिए आपको एक टमाटर को पीसकर, उसमें एक चम्मच बेसन मिलाकर पेस्ट बना लें.

इस पेस्ट को 5 मिनट तक लगाकर मसाज करें. इससे चेहरे की डेड स्क्रीन निकलेगी और त्वचा पर निखार आएगा. इसका इस्तेमाल करने से पहले पैच टेस्ट जरूर करें, क्योंकि कुछ लोगों को इसके इस्तेमाल से एलर्जी हो सकती है. अगर ऐसा होता है तो डॉक्टर की सलाह जरूर ले.

## अमेरिका में बैरिकैड से टकराने के बाद पुल से नीचे गिरी कार, भयानक हादसे में 3 भारतीय महिलाओं की मौत

वाशिंगटन, (आरएनएस)। अमेरिका के साउथ कैरोलिना के ग्रीनविले काउंटी में भयानक कार हादसा हुआ है, जिसमें 3 भारतीय महिलाओं की मौत हो गई है। जबकि एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार तीनों महिलाएं गुजरात के आणंद जिले की रहने वाली थीं। इन महिलाओं का नाम रेखाबेन पटेल, संगीताबेन पटेल और मनीषा बेन पटेल है। हादसा उस वक्त हुआ, जब महिलाओं की SUV कार हाइवे पर अनियंत्रित होकर पहले बैरिकैड से टकराई फिर पुल से नीचे गिर गई और पेड़ो में फंस गई। हादसा इतना भयानक था कि कार पुल से गिरने के बाद लगभग 20 फीट तक उछली थी। हादसे का शिकार हुई महिलाओं के बीच देवरानी-जेठानी का रिश्ता था। तीनों महिलाएं अमेरिका में अपने परिवार के साथ अलग-अलग रहती थीं।

## कार दुर्घटना में इजरायली मंत्री घायल

यरूशलम ,(आरएनएस)। इजरायल के राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतामार बेन-ग्विर कार दुर्घटना में घायल हो गए। इसके बाद उन्हें इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। घटना इजरायल के मध्य शहर रमला में हुई।

राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री का काला वाहन एक चौराहे पर पलट गया, जबकि एक अन्य कार क्षतिग्रस्त हो गई।

मंत्री बेन-ग्विर के कार्यालय ने कहा, उनकी बेटी और एक ड्राइवर भी कार में थे और तीनों मामूली रूप से घायल हुए हैं। मंत्री ठीक हैं और होश में हैं, लेकिन उन्हें आगे के इलाज के लिए नजदीकी शमीर मेडिकल सेंटर पहुंचाया गया।

## उत्तर इराक में गैस फिल्ड पर ड्रोन हमले में 4 की मौत

बगदाद, (आरएनएस)। इराक के कुर्दिस्तान क्षेत्र में एक गैस क्षेत्र पर ड्रोन हमले में चार लोगों की मौत हो गई। हमले की क्षेत्रीय और संघीय अधिकारियों ने निंदा की है। कुर्दिस्तान क्षेत्रीय सरकार (केआरजी) के प्रवक्ता पेशवा हवारामनी ने एक बयान में कहा कि हमले में मैदान पर काम कर रहे चार यमनी नागरिकों की मौत हो गई और बुनियादी ढांचे को काफी नुकसान हुआ।

उन्होंने हमले की निंदा करते हुए इसे तोड़फोड़ करने वालों और दुष्ट लोगों द्वारा किया गया आतंकवादी कृत्य बताया। हमले का निशाना बना खोर मोर गैस क्षेत्र, सुलेमानी प्रांत में स्थित है और संयुक्त अरब अमीरात स्थित ऊर्जा कंपनी दाना गैस द्वारा संचालित है। हवारामनी ने हमले के कारण बिजली उत्पादन में आए गंभीर व्यवधान को रेखांकित किया और इराकी संघीय सरकार से हमले के लिए जिम्मेदार लोगों को पकड़ने का आग्रह किया।

# राफा पर हमले से पहले इजरायल ने बंधक समझौते को 'आखिरी मौका' दिया : रिपोर्ट



तेल अवीव,(आरएनएस)। इजरायल गाजा युद्ध में युद्धविराम और बंधक समझौते को हासिल करने के लेटेस्ट प्रयासों को राफा शहर पर योजनाबद्ध हमले से पहले आखिरी मौके के रूप में देखता है। एक वरिष्ठ इजरायली अधिकारी के अनुसार, तेल अवीव में मिस्र और इजरायली प्रतिनिधियों के बीच बातचीत 'बहुत अच्छी' और केंद्रित थी। जाहिर तौर पर मिस्रवासी किसी समझौते पर पहुंचने के लिए फिलिस्तीनी आतंकवादी संगठन हमास पर दबाव बनाने के लिए तैयार थे।देर शाम रिपोर्टों के हवाले से कहा कि बातचीत के सभी क्षेत्रों में प्रगति हुई है।इजरायली अधिकारी के हवाले से कहा गया कि इजरायल, राफा में योजनाबद्ध सैन्य हमले को रोकने के लिए हमास को विशेष रूप से गाजा पट्टी में उसके नेता याह्या अल-सिनवार को बंधक समझौते में देरी करने की अनुमति नहीं देगा।याह्या अल-सिनवार को 7 अक्टूबर 2023 को इजरायल में हुए नरसंहार का मास्टरमाइंड माना जाता है, जिसमें लगभग 1,200 इजरायली सैनिक और नागरिक मारे गए थे। जबकि 200 से ज्यादा लोगों को गाजा में अपहरण कर लिया गया था। इजरायली सेना का मानना है कि अल-सिनवार राफा के नीचे सुरंगों में छिपा हुआ है।



मैक्सिको में फलावर व गार्डन फैस्टीवल के दौरान ही पर्यटक फूलों से सजाये इलाके की तस्वीरें लेते हुए।

# यूएस में फिलिस्तीनियों के समर्थन में आंदोलन तेज, कई संस्थाओं में पढ़ाई ठप; यहूदी छात्रों में डर का माहौल




वाशिंगटन,(आरएनएस)। अमेरिका के कोलंबिया विश्वविद्यालय में फलस्तीनियों के समर्थन वाला छात्रों का धरना जारी है। इसी के साथ कैलिफोर्निया से लेकर मेसाचुसेट्स तक की शिक्षण संस्थाओं में गाजा मुद्दे पर चल रहे छात्रों के आंदोलन से निपटने में प्रशासन और पुलिस जद्दोजहद कर रही है। इन आंदोलनों में शामिल सैकड़ों छात्र-छात्राओं को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है लेकिन उसका कोई असर होता दिखाई नहीं दे रहा है। कोलंबिया और अन्य संस्थाओं में प्रशासन आंदोलनकारी छात्रों से वार्ता कर रहा है और उन्हें समझाने का प्रयास कर रहा है लेकिन अभी तक की बातचीत बेनतीजा रही है। कई विश्वविद्यालयों और कालेजों ने अपनी नियमित कक्षाएं रोक दी हैं और अब उनका जोर ऑनलाइन पढ़ाई पर है। लेकिन आंदोलनकारी परिसर में आकर अपना विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। आंदोलनकारियों का गुस्सा गाजा में इजरायल द्वारा बड़ी संख्या में निर्दोष फलस्तीनियों के मारे जाने को लेकर है। इजरायली हमलों में 23 लाख वाली गाजा पट्टी में 34 हजार से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। मारे गए लोगों में दो तिहाई संख्या महिलाओं और बच्चों की है। चूंकि इजरायल के हमले को अमेरिका का समर्थन है, इसके चलते आंदोलनकारी छात्र-छात्राओं में भारी गुस्सा है।आंदोलनकारियों की मांग है कि अमेरिका इजरायल की सहायता बंद करे और उसके साथ संबंध तोड़े। इन्हीं मांगों को लेकर गुरुवार को जब ब्लूमिंग्टन में स्थित इंडियाना विश्वविद्यालय में माहौल बिगड़ा तो पुलिस को वहां पर आंदोलनकारियों पर बेंत चलाने पड़े और वहां से 33 छात्रों को गिरफ्तार किया गया।

## पंजाब यूथ क्लब हांगकांग द्वारा महिक पंजाब दी मेले का सफल आयोजन, कंवर ग्रेवाल ने सांस्कृतिक गीतों से समय बांधा

हांगकांग ,(आरएनएस)। पंजाब यूथ क्लब हांगकांग ने 'माहिक पंजाब दी' मेले का आयोजन किया। बैसाखी के पवित्र दिन को समर्पित इस मेले ने हांगकांग की धरती पर पंजाबी संस्कृति की एक अलग छाप छोड़ी। गायक कंवर ग्रेवाल, राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता कवि जसदीप सागर और गीतकार दीप अलाचौरिया विशेष रूप से भाग लेने के लिए भारत से हांगकांग पहुंचे। नवतेज अटवाल ने मंच की शुरुआत की और मंच संचालन के लिए जसदीप सागर को दर्शकों के सामने लाया गया। जसदीप सागर ने अपनी शायरी से श्रोताओं का मन मोह लिया। इसके बाद मेले में 'फैनजाबी भांगड़ा ग्रुप' ने संस्कृति के अभिन्न अंग के रूप में भांगड़ा पेश किया। इसके बाद हांगकांग के पंजाबी सिंगर गुरदीप साबदी ने अपने गाने 'मान तेरे लाडली की' से परफॉर्म किया।

## चीन से मिली हंगोर क्लास पनडुब्बी पर इतरा रहा पाकिस्तान

इस्लामाबाद ,(आरएनएस)। चीन ने पाकिस्तानी नौसेना के लिए बनाई जाने वाली पहली हंगोर क्लास पनडुब्बी को लांच किया है। इस लॉन्चिंग कार्यक्रम का आयोजन चीन के वुचांग शिपबिल्डिंग इंडस्ट्री ग्रुप (डब्ल्यूएसआईजी) के शुआंगलियू बेस पर हुआ। कार्यक्रम में पाकिस्तानी नौसेना प्रमुख एडमिरल नवीद अशरफ ने भाग लिया। यह डेवलपमेंट पाकिस्तान और चीन के बीच हुए एक समझौते के तहत हुआ है, जिसमें बीजिंग ने इस्लामाबाद को आठ अत्याधुनिक उन्नत पनडुब्बियां प्रदान करने पर सहमति व्यक्त की है।कुल आठ पनडुब्बियों में से चार का निर्माण चीन के द्वारा किया जाना है, जबकि शेष चार का निर्माण प्रौद्योगिकी हस्तांतरण (टीओटी) समझौते के तहत पाकिस्तान में कराची शिपयॉर्ड एंड इंजीनियरिंग वर्क्स में हो रहा है। उन्नत स्टील्थ विशेषताओं वाली पनडुब्बियों को कई तरह के खतरे वाले वातावरण में संचालित करने के लिए अत्याधुनिक हथियारों और सेंसरों से सुसज्जित किया जाना है और लंबी दूरी पर लक्ष्य पर हमला किया जा सकता है।

## इजरायल ने राफा पर हमले रोकने के लिए 33 बंधकों की रिहाई की मांग की

तेल अवीव, (आरएनएस)। इजरायल ने गाजा पट्टी के दक्षिण में राफा शहर पर योजनाबद्ध हमलों को रोकने के लिए हमास से कम से कम 33 बंधकों को रिहा करने की मांग की है।यह मांग मोसाद प्रमुख डेविड बार्निया ने अपने खुफिया प्रमुख मेजर जनरल अब्बास कामेल के नेतृत्व वाले मिस्र के प्रतिनिधिमंडल के सामने रखी थी।



मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फत्ताह अल-सिसी ने हाल ही में काहिरा की यात्रा के दौरान अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन को राफा पर योजनाबद्ध हमले पर अपने देश की चिंता जताई थी।मिस्र को डर है कि राफा क्षेत्र पर हमले से नागरिक तबाही होगी। साथ ही मिस्र में बड़ी संख्या में शरणार्थियों का पलायन होगा क्योंकि राफा, देश के सिनाई क्षेत्र से सटा है।इजरायल ने अपनी आंतरिक रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा, 129 इजरायली बंधकों में 33 लोग ऐसे हैं जो बुजुर्ग, महिला और बीमार की श्रेणी में आते हैं। इजराइल के मुताबिक, 129 बंधकों में से कई की मौत हो चुकी है।इजरायली खुफिया ने दावा किया है कि सैन्य कमांडर और 7 अक्टूबर 2023 के नरसंहार का मास्टरमाइंड याह्या सिनवार मानव ढाल के रूप में इजरायली बंधकों के साथ हमास सुरंगों में से एक में राफा में है। इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने योजनाबद्ध हमले से पहले ही राफा में अपनी विशिष्ट नाहल ब्रिगेड को तैनात कर दिया है।

# खेल समाचार



शंघाई में महिलाओं की तीरंदाजी स्पर्धा के बाद एकसाथ नजर आयीं भारत की दीपिका कुमारी व अन्य देशों की खिलाड़ी।

# आईपीएल 2024 : गुजरात टाइटंस का आरसीबी से मुकाबला आज

अहमदाबाद (ए)। आईपीएल में रविवार को यहां गुजरात टाइटंस अपने घरेलू मैदान पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) का सामना करेगी। इस मैच में दोनो ही टीमें जीत के इरादे से उतरेंगी। गुजरात को जहां पिछले मैच में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। वहीं आरसीबी ने अपने पिछले मैच में सनराइजर्स हैदराबार को हराकर अपनी लय हासिल करने का प्रयास किया है। अंक तालिका की बात करें तो गुजरात की टीम नौ मैच में आठ अंक के साथ तालिका में सातवें स्थान पर काबिज है। वहीं आरसीबी चार अंकों के साथ ही सबसे नीचे दसवें नंबर पर है।

गुजरात जायंट्स को अगर इस मैच में जी दर्ज करनी है तो उसे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए आरसीबी के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली पर अंकुश लगाना होगा। विराट ने इस सत्र में सबसे अधिक रन बनाये हैं। इसके साथ ही उसे आरसीबी के मध्यक्रम को भी रन बनाने से रोकना होगा। गुजरात की टीम का अगर प्लेऑफ के लिए संभावनाएं रखनी हैं तो उसे हर हाल में जीत हासिल करनी होगी।

गुजरात के तेज गेंदबाजों को सुधार की जरुरत है। इस पूरे आईपीएल में उनकी तेज गेंदबाजी इकाई काफी कमजोर रही है। उसके गेंदबाजों मोहित शर्मा , उमेश यादव, संदीप वारियर ने अब तक काफी रन दिये हैं जबकि स्पेंसर जॉनसन और अजमतुल्लाह उमरजई जैसे अन्य तेज गेंदबाज भी विफल रहे हैं। उनके स्पिनर राशिद खान , आर साई किशोर और नूर अहमद भी अब तक उम्मीद के अनुरुप प्रदर्शन नहीं कर पाये हैं, राशिद ने हालांकि निचले क्रम पर फिनिशर की अच्छी जिम्मेदारी निभाई है।




उसके गेंदबाजों को आरसीबी के मध्यक्रम में मौजूद रजत पाटीदार और कैमरन ग्रीन से सावधान रहना होगा। रजत भी पिछले कुछ मैचों से लय में आ गये हैं। वह स्पिनरों के खिलाफ बेहद आक्रामक बल्लेबाजी कर रहे हैं। उन्होंने पिछले दो मैचों में स्पिनरों पर हमला करते हुए अर्धशतक लगाये हैं। वहीं ग्रीन ने भी सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 20 गेंद में 37 रन की पारी खेली थी।इसके अलावा निचले क्रम में आरसीबी के पास दिनेश कार्तिक और महिपाल लोमरोर जैसे बल्लेबाज हैं। विराट कोहली और कप्तान फाफ डु प्लेसी ने सभी मैचों में टीम को अच्छी शुरुआत दिलायी है।

## उबेर कपः अश्मिता, प्रिया-श्रुति ने भारत को कनाडा पर 2-0 की बढ़त दिलाई

चेंगदू (चीन), (आरएनएस)। अश्मिता चालिहा (विश्व रैंक 53) ने शनिवार को यहां उबेर कप 2024 में राष्ट्रमंडल खेलों की पूर्व चैंपियन कनाडा की मिशेल ली (विश्व रैंक 25) को सीधे गेमों में 26-24, 24-22 से हराया। प्रिया और श्रुति मिश्रा ने भी जेसलिन चोई और कैथरीन चाउ के खिलाफ अपना पहला मैच 21-12, 21-10 से जीतकर भारतीय महिलाओं को कनाडा के खिलाफ अपने पहले ग्रुप चरण मुकाबले में 2-0 की बढ़त दिला दी। महिला टीम को उबेर कप ग्रुप ए में रखा गया है और कनाडा और 15 खिताबों के साथ आयोजन के इतिहास की सबसे सफल टीम चीन के बाद सिंगापुर से 30 अप्रैल को भिड़ेगी।इस साल की शुरुआत में बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीतने के बाद महिला टीम ने उबेर कप 2024 के लिए क्वालीफाई किया।

## मयंक यादव के राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ खेलने की संभावना

लखनऊ,,(आरएनएस)। लखनऊ सुपर जाइंट्स के सहायक कोच श्रीधरन श्रीराम को एकाना क्रिकेट स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ होने वाले मैच में स्पीड सेंसेशन मयंक यादव की वापसी की उम्मीद है।

श्रीधरन श्रीराम ने शुक्रवार को प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, वह अब गेंदबाजी कर रहे हैं और फिट दिख रहे हैं, लेकिन मैच से पहले हमारा अंतिम परीक्षण होगा, उसके बाद ही हम आरआर के खिलाफ उनकी भागीदारी पर फैसला करेंगे। वह एक अद्भुत प्रतिभा है और जहां से वह आता है, वह अच्छी तरह से जानता है कि क्या करना है और क्या नहीं। उनकी लंबाई के मामले में जो गुणवत्ता है, वह इस सीजन के आईपीएल में दूसरों से कमतर नहीं है और उस गति के साथ, उनके खिलाफ शॉट खेलना बहुत कठिन है, और यही बात उन्हें विशेष बनाती है।

## पंजाब किंग्स ने सबसे बड़ा स्कोर चेज कर रचा इतिहास, केकेआर को आठ विकेट से हराया

कोलकाता, ( ए)। पंजाब किंग्स ने इतिहास रच दिया है. उसने आईपीएल के 17वें सीजन में सबसे बड़े स्कोर को चेज किया है. पंजाब के इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर तय ओवर से पहले बना लिया. पंजाब ने 262 रन के लक्ष्य को मात्र 18.4 ओवर में बना लिया. मैच में जीत होने से पहले आठ गेंद बाकी रह गईं. आईपीएल के इतिहास में 262 के स्कोर का पीछा करने में सफलता हासिल की. इससे पहले आईपीएल 2020 में राजस्थान ने पंजाब के खिलाफ 226 रन को चेज किया था. पंजाब के कप्तान सैम करन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया. कोलकाता ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 261 रन का लक्ष्य रखा था।

## आईसीसी ने टी20 विश्व कप 2024 के लिए युवराज को ब्रांड एम्बेसडर बनाया

दुबई (ए)। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह को जून में होने वाले आईसीसी ने पुरुष टी20 विश्व कप 2024 के लिए ब्रांड एम्बेसडर बनाया है। आईसीसी ने एक कार्यक्रम में युवराज को ब्रांड एम्बेसडर बनाये जाने की पुष्टि की है। युवराज ने टी20 विश्व कप के पहले ही संस्करण में एक ओवर में छह छक्के लगाये थे। उसी के प्रति सम्मान व्यक्त करने आईसीसी ने उन्हें ब्रांड एमबेस्डर बनाया है।





इससे पहले वेस्टइंडीज के क्रिस गेल और दिग्गज एथलीट उसेन बोल्ट को भी इस टूर्नामेंट के लिए ब्रांड एम्बेस्डर बनाया गया था। युवराज ब्रांड एमबेस्डर के तौर पर संयुक्त राज्य अमेरिका में टी20 विश्व कप से पहले और उसके दौरान विभिन्न प्रचार कार्यक्रमों में भाग लेंगे जिसमें 9 जून को न्यूयॉर्क में भारत और पाकिस्तान मैच भी शामिल है। युवराज ने उन्हें ब्रांड एम्बेसडर बनाये जाने पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि इससे वह सम्मानित अनुभव कर रहे हैं। इस पूर्व भारतीय ऑलराउंडर ने इस पर कहा, टी20 विश्व कप में खेलने से मेरी कुछ सबसे अच्छी क्रिकेट यादें जुड़ी हैं, जिसमें एक ओवर में छह छक्के लगाना भी शामिल रहा हैं।

## ऐतिहासिक लक्ष्य हासिल करने के बाद करेन ने कहा, क्रिकेट बेसबॉल में बदल रहा है

कोलकाता ( ए)। जॉनी बेयरस्टो के नाबाद 108 और शशांक सिंह के नाबाद 68 रनों की बदौलत पंजाब किंग्स ने 262 रन के रिकॉर्ड लक्ष्य का पीछा करते हुए कोलकाता नाइट राइडर्स पर आठ विकेट से जीत हासिल की। पंजाब के कप्तान सैम करेन ने इस ऐतिहासिक जीत पर कहा, क्रिकेट बेसबॉल में बदल रहा है, है ना?

मंच प्रतिष्ठित ईडन गार्डन्स में तैयार किया गया था, जहां पंजाब किंग्स ने 262 रनों के साहसिक लक्ष्य का पीछा किया। कुछ समय तक बाहर रहने के बाद किंग्स टीम में वापसी करते हुए जॉनी बेयरस्टो ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए मैच पर कब्जा कर लिया और सिर्फ 48 गेंदों में नाबाद 108 रन बनाए। चौथे नंबर पर आए शशांक सिंह ने चुनौती को उत्साह के साथ स्वीकार किया और 28 गेंदों में नाबाद 68 रन बनाकर सीजन के बेहतरीन प्रदर्शन करने वालों में से एक के रूप में अपनी स्थिति मजबूत कर ली।

करेन ने मैच के बाद की प्रस्तुति में कहा, क्रिकेट बेसबॉल में बदल रहा है, है ना? यह बिल्कुल अविश्वसनीय था। हम कहां से शुरू करें? दो अंकों से




पूरी तरह खुश हूं। ऐसे मैच दुनिया की सोच से बाहर हैं, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि एक टीम के रूप में हमारे लिए कुछ सप्ताह कठिन रहे हैं (यह किंग्स की पांच मैचों में पहली जीत थी) लेकिन हम वास्तव में वहां फंस गए थे। हमने टीमों को तार-तार कर दिया है और, मुझे लगता है, स्कोर के बारे में भूल जाओ... मुझे लगा कि हम वास्तव में जीत के हकदार थे।

शुक्रवार के मैच में किसी टी20 मैच में सर्वाधिक छक्के (42) भी लगे। इसने पिछले महीने हैदराबाद में सनराइजर्स हैदराबाद और मुंबई इंडियंस के 38 हिट और पिछले हफ्ते बेंगलुरु में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और एसआरएच के 38 हिट को पीछे छोड़ दिया।

करेन ने कहा, हां, मुझे लगता है कि इसमें बहुत सारी अलग-अलग चीजें शामिल हो गई हैं। मुझे लगता है कि जिस तरह से लोग प्रशिक्षण लेते हैं वह स्पष्ट रूप से बहुत बड़ा है और वे लंबे समय तक गेंदों को हिट कर सकते हैं। मुझे लगता है कि यह आत्मविश्वास, कोच और जिस तरह से हम प्रशिक्षण ले रहे हैं, वह है। आइए ईमानदार रहें - छोटे मैदान, थोड़ी ओस के साथ और गेंद (गीली हो जाती है) और कभी-कभी आपको वाइड कॉल मिलती है। आपको लगता है कि आपके पास डॉट बॉल है, आप इसकी समीक्षा करते हैं और फिर यह वाइड हो जाती है। इसलिए, हाँ, यह नहीं कहा जा रहा है कि यह बल्लेबाज़ का खेल है ...मुझे यकीन है कि हर कोई छक्के देखना चाहता है। मुझे लगता है कि आंकड़े निश्चित रूप से उन छोटे-छोटे क्षणों को जीतने के बारे में हैं।

## नेथ्रा कुमानन ने नौकायन में भारत का दूसरा पेरिस 2024 कोटा हासिल किया

हायरेस, (आरएनएस)। भारत की नेथ्रा कुमानन ने फ्रांस में आईएलसीए 6 श्रेणी में लास्ट चांस रेगाटा के पांचवें दिन पांचवें स्थान पर रहने के बाद नौकायन में पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए क्वालीफाई किया। नेथ्रा ने 69 अंक बनाए और लीडरबोर्ड पर पांचवें स्थान पर रही।

नेथ्रा ने ईएनपी (इमर्जिंग नेशन प्रोग्राम कोटा) जीता जो शीर्ष 3 के बाद सर्वश्रेष्ठ ईएनपी नाविक को दिया जाता है।ऑस्ट्रेलिया के एडिलेड में विश्व चैम्पियनशिप 2024 में विष्णु सरवनन द्वारा नौकायन में देश का पहला पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा हासिल करने के बाद, नौकायन में भारत के लिए यह दूसरा ओलंपिक कोटा होगा। 2020 टोक्यो ओलंपिक के लिए ओलंपिक क्वालीफायर इवेंट में सीधे नौकायन में ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाली पहली भारतीय महिला बनने के बाद नेथ्रा के लिए यह लगातार दूसरा ओलंपिक होगा।

# फिर बढ़ा दो डिग्री तापमान, होने लगी तीखी तपन



नर्मदापुरम( निप्र)। सूर्यदेव अपना तेज असर लगातार बढ़ा रहे हैं। शनिवार को एक बार फिर दोपहर में सूर्यदेव का तीखा असर देखने को मिला। तेज तपन और तीखी गर्मी के कारण दिन के तापमान में फिर दो डिग्री की वृद्धि हुई है। वहीं न्यूनतम तापमान भी एक डिग्री बढ़ा है। मौसम विभाग के अनुसार आज का अधिकतम तापमान 42 दर्ज हुआ है। वहीं न्यूनतम तापमान 24 पर पहुंच गया है। अब सुबह से ही सूर्य की किरणें तीखी गर्मी उत्पन्न करने लगी हैं। एक बार तेज गर्मी से लोग बेहाल होने लगे हैं। बीते तीन दिन से तापमान लगातार बढ़ता जा रहा है। मौसम विभाग का अनुमान है कि जिस प्रकार से तपन बड़ रही है उससे प्रतीत हो रहा है कि अभी और तेज गर्मी का असर होने वाला है। मौसम विभाग द्वारा बताया जा रहा है कि अभी तो पूरा मई का महिना गर्मी वाला बांकी है। उन्होने बताया कि आने वाले 24 घंटे में फिर लू का असर बढ़ने की संभावना है। तेज तपन और गर्मी के कारण आसमान में हल्की नमी का वातावरण और बादलों का आना जाना बना रहेगा। यह असर लगातार जारी रहना है। वहीं दूसरी और डाक्टरों को मानना है कि बार बार बदल रहे मौसम के कारण मौसमी बीमारियां भी बढ़ने लगी हैं। शासकीय अस्तपाल के साथ ही निजी अस्पतालों में मरीजों की संख्या में इजाफा होने लगा है।

## वैष्णवी राय खुशी का सुयश

600 में से 590 प्राप्त किए



नर्मदापुरम (निप्र)। कक्षा नवीं की छात्रा वैष्णवी राय खुशी आत्मजा हितेंद्र राय ने पं रामलाल शर्मा विद्यालय में अध्ययनरत रहते हुए वार्षिक परीक्षा में 600 मेंसे 590 अंक प्राप्त किए हैं। वैष्णवी को 98.3 अंक मिलने पर स्कूल स्टाफ, परिजनों ने खुशी जाहिर करते हुए शुभकामनाएं दी है। खुशी को सभी विषयों में विशेष योग्यता मिली है। सभी ने उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# लोकसभा संसदीय क्षेत्र 17 होशंगाबाद के आठ विधानसभा क्षेत्रों में 1247298 मतदाताओं ने किया मतदान

***687674 पुरुष और 559594 महिला तथा 30 अन्य मतदाताओं ने अपने मताधिकार का किया उपयोग***
***जिले में कुल 650505 मतदाताओं ने दर्ज कराई लोकतंत्र के महोत्सव में अपनी भागीदारी***

नर्मदापुरम (निप्र)। लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 17 के तहत संपूर्ण संसदीय क्षेत्र एवं जिलेभर में शांतिपूर्ण तरीके से मतदान सम्पन्न हुआ। संसदीय क्षेत्र की बात करें तो पूरे क्षेत्र में 1247298 मतदाताओं ने मतदान किया जिसमें 687674 पुरुष मतदाता एवं 559594 महिला मतदाताओं तथा 30 थर्ड जेंडर मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। वहीं लोकसभा संसदीय क्षेत्र 17 होशंगाबाद अंतर्गत आने वाली जिले की चारों विधानसभा में कुल 650505 मतदाताओं ने मतदान किया। इस दौरान 354373 पुरुष मतदाओं और 296108 महिला मतदाताओं सहित 24 थर्ड जेंडर मतदाताओं ने मताधिकार का उपयोग किया।

लोकसभा संसदीय क्षेत्र की नरसिंहपुर विधानसभा में कुल 156808 मतदाताओं ने मतदान किया। जिसमें 85555 पुरुष तथा 71251 महिला मतदाता एवं 2 अन्य मतदाताओं ने मताधिकार का उपयोग किया। तेंदूखेड़ा विधानसभा में कुल 133255 मतदाताओं ने मतदान किया। जिसमें 73897 पुरुष तथा 59358 महिला मतदाता एवं 0 अन्य मतदाताओं ने मताधिकार का उपयोग किया। गाडरवारा विधानसभा में कुल 145617 मतदाताओं ने मतदान किया। जिसमें 81548 पुरुष तथा 64067 महिला मतदाता एवं 2 अन्य मतदाताओं ने मताधिकार का उपयोग किया। उदयपुरा विधानसभा में कुल 161113 मतदाताओं ने मतदान किया। जिसमें 92301 पुरुष तथा 68810 महिला मतदाता एवं 2 अन्य मतदाताओं ने मताधिकार का उपयोग किया।




वही नर्मदापुरम जिले की बात करें तो सिवनीमालवा विधानसभा में कुल 172715 मतदाताओं ने मतदान किया। जिसमें 93593 पुरुष तथा 79116 महिला मतदाता एवं 6 अन्य मतदाताओं ने मताधिकार का उपयोग किया। होशंगाबाद विधानसभा में 139690 मतदाताओं ने मतदान किया। जिसमें 74727 पुरुषों और 64956 महिला मतदाताओं तथा 7 अन्य मतदाताओं ने मतदान किया। सोहागपुर विधानसभा में 167117 मतदाताओं ने मतदान किया। जिसमें 92859 पुरुषों और 74252 महिला तथा 6 अन्य मतदाताओं ने मतदान किया।

# 45 लाख से बने क्षैत्रीय नैदानिक केंद्र और 50 लाख के एनसीडी में लड़खड़ा रही व्यवस्थाएं

## भवन बनाकर मेन पावर की पूर्ति करने में हुई ढिलाई,मरीजों को नहीं मिल पा रही पर्याप्त सुविधाएं

नर्मदापुरम( निप्र)। जिला अस्पताल परिसर में दो दशक पूर्व 45 लाख की राशि से बने 23 कक्षों में काम चलाऊ व्यवस्थाएं की जा रही हैं। इस केंद्र को बनाने के पीछे तत्कालीन सांसद की यह सोच थी कि एक छत के नीचे जिला अस्पताल में उपचार कराने के लिए आने वाले मरीजों की जांच सहित सभी आवश्यक उपचार आसान हो जाए। शासन ने क्षैत्रीय नैदानिक केंद्र के भवन निर्माण में स्वीकृति देने में देरी नहीं की थी। फंड आया भवन बना लेकिन मशीनें और मेन पावर की व्यवस्थाएं करने में उतनी रूचि नहीं ली गई। इस कारण यह नैदानिक केंद्र मरीजों का सही तरीके से निदान नहीं कर पा रहा है। यहां पर आपरेशन कक्ष, से लेकर सीटी स्केन, अर्थो ओपीडी, एक्सरे, अल्ट्रा साउंड, प्लास्टर रूम, ड्रेसिंग रूम, ब्लड बैंक पैथोलाजी सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं जुटाने की कोशिश की गई है। लेकिन सबसे बड़ी दिक्कत यहां पर ट्रेंड कर्मचारियों की कमी बनी हुई है। जो हैं उनसे काम चलाना पड़ रहा है। जिससे यहां पर आने वाले मरीजों को मिलने वाली सुविधाएं पूरी नहीं मिल पा रही हैं। आधी अधूरी व्यवस्थाओं वाले इस नैदानिक केंद्र में सुविधाओं की दरकार बनी हुई है।



### एनसीडी में हो रहा काम चलाऊ कार्य

वृद्धजनों के उपचार के लिए शासन से यहां पर 10 वर्ष पूर्व अंसचारी रोग निदान केंद्र एनसीडी बनाया गया है। यहां पर बुजुर्गों को होने वाली बीमारी जिसमें सुगर, ब्लेडप्रेशर, सहित अन्य बीमारियों की जांच शामिल हैं। जो वृद्धजन ज्यादा बीमार हैं उनको यहां पर भर्ती करने के लिए शासन स्तर से 10 पलंग का एक वार्ड भी बनाया गया है। जहां पर उन्हें भर्ती कर उपचार किया जाना चाहिए है। पलंग 10 हैं लेकिन अब इस वार्ड में बुजुर्गों को भर्ती नहीं किया जाता है। ईसीजी की जांच जरूर हो रही है। यहां आने वाले मरीजों के लिए आई मशीनों के चलाने वाले नहीं मिले इस कारण मशीने खराब हो गई। इस कारण भी एनसीडी बनाने का उद्देश्य पूरा नहीं हो सका है। बुजुर्ग मरीजों को वह सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं जिसके लिए यह केंद्र बना हुआ है। यहां पर मुख्य रूप से सुगर और ब्लड प्रेशर की जांच ही हो पा रही है।

### इनका कहना है-

शासन ने एक कार्य तो कर दिया कि भवन बन गए हैं नैदानिक केंद्र में व्यवस्थाएं होती जा रही हैं उसी तरह एनसीडी में भी व्यवस्थाओं के लिए ऊपर लिखा गया है। जब शासन से मेन पावर मिलेगा तब और अच्छी व्यवस्थाएं हो सकेंगी।

**डॉ सुधीर डेहरिया,**
**सीएमएचओ**

# कम होने के बाद फिर तेज हुए बाईकर्स के फर्राटे

नर्मदापुरम (निप्र)। पुलिस द्वारा तेज रफ्तार से बाईक चलाने वाले युवाओं को पकडकर समझाइश देने पर कुछ दिनों तक बाईकर्स की रफ्तार कम हो गई थी। लेकिन अब फिर शाम होने के बाद शहर की व्हीआईपी कहलाने वाली मुख्य सड़क पर वाहनों का दबाव बढ़ता जा रहा है। इसी बीच कुछ युवा अपनी बाइक को काफी तेज गति से लहराते हुए ले जाते हुए देखे जा रहे हैं। अब इनको कोई रोक-टोक करने वाला नहीं है। इन बाइकर के फर्राटे मारते हुए निकलने पर राहगीर में भय का वातावरण बना रहता है। ये युवा अपने वाहन को लहराते हुए या हेंडल से हाथ छोड़कर वाहन तेज गति से निकालते हुए ले जाते हैं। कई बार इनका हार्न बजता रहता है। जिससे लोग डर के कारण सड़क से दूर होने लगते है। लेकिन कई बार तो ये वाहन पास में ही होकर निकलते हैं। जिससे दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। इस संबंध में शहर के नागरिकों ने पुलिस विभाग से पुन: अपेक्षा की है कि इन बाइकर के नंबर केमरे में ट्रेस कर उन्हें वाहन को धीमी गति से चलाने की एक बार फिर समझाइश दें तो उनके हित में होगा। दूसरे निर्दोष लोगों के साथ खतरा स्वयं बाइकर्स को भी रहता है।



# कलेक्टर सोनिया मीना के मार्गदर्शन में जीपीएस कंट्रोल रूम में जारी है निर्वाचन में संलग्न वाहनों की निगरानी



नर्मदापुरम( निप्र)। लोकसभा निर्वाचन को सुचारू एवं सुव्यवस्थित रूप से संपन्न करने हेतु विभिन्न आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया गया है इसी के तहत कलेक्टर सोनिया मीना के मार्गदर्शन में जिले में जीपीएस कंट्रोल रूम बनाया गया है । कंट्रोल रूम में निवार्चन कार्य में संलग्न वाहनों की निरंतर निगरानी की गई थी। आनंद झैरवार जिला प्रबंधक लोक सेवा प्रबंधन नर्मदापुरम ने बताया कि निर्वाचन कार्य में जो वाहन संलग्न किये गये थे उनमें मतदान दल के सांथ संलग्न वाहनों से सामग्री जमा होने के पश्चात जीपीएस निकाल लिये हैं। शेष रिजर्व वाहनों के जीपीएस निकालने का कार्य किया जा रहा है। श्री झैरवार ने बताया कि कंट्रोल रूम से देखकर जीपीएस निकालने का कार्य सिवनी मालवा, सोहागपुर, पिपरिया एवं जिला मुख्यालय नर्मदापुरम में किया जा रहे हैं ।

## टेंट लगाते समय मजदूर को लगा करंट, मौत

सागर, (आरएनएस)। केसली थाना क्षेत्र के ग्राम पठाखुर्द में टेंट लगाते समय मजदूर बिजली करंट की चपेट में आ गया। घटना में मजदूर की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम कराया। वहीं मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया। मर्ग जांच करते हुए पुलिस ने टेंट लगवा रहे ठेकेदार के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है। पुलिस के अनुसार फरियादी रेखा प्रजापति निवासी इंद्रा कॉलोनी केसली ने थाने में शिकायत करते हुए ।

# नर्मदा जी की लहरों पर तैराकी का प्रशिक्षण

नर्मदापुरम( निप्र)। बीते वर्षों की तरह इस वर्ष भी नर्मदा तट के सेठानी घाट पर नि:शुल्क तैराकी का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शहर के अनेक तैराक जिनमें मुकुल गुप्ता ने बताया कि नर्मदा की लहरों पर तैराकी का प्रशिक्षण शुरू किया जा रहा है। उन्होने बताया कि तैराकी का प्रशिक्षण प्राप्त करने के इच्छुक खिलाड़ी और पालक प्रशिक्षण अवधि में पंजीयन करा कर इस नि:शुल्क प्रशिक्षण शिविर का लाभ ले सकते हैं। यह सभी के लिए नि:शुल्क प्रशिक्षण शिविर रहेगा।

जिसमें कोई भी शामिल हो सकता है। मुख्य रूप से नवोदित तैराक को तैयार भी किया जाता है। क्योंकि यहां से तैराकी का प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद अनेक खिलाडी देश की अनेक राष्ट्रीय और यहां तक कि विदेशों में होने वाल अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धा में भी हिस्सा लेकर नर्मदांचल का नाम रोशन कर चुके हैं।

उन्होने बताया कि यहां पर तैराकी के तकनीकी ज्ञान के प्रशिक्षण का कार्य कुशल तैराकों के द्वारा दिया जाता है। जिसमें उमाशंकर व्यास, मुकुल गुप्ता, योगेश परसाई, राहुल कहार, आकाश उमरे, सहित अन्य अनेक प्रशिक्षित तैराक शामिल हैं। प्रतिदिन प्रात: 06 बजे से लेकर 08 बजे तक दो घंटे तक तैराकी की बारीकियों के बारे में जानकारी देते हैं। उनके स्वयं के सामने तैराकी भी कराई जाती है। जिस पर पूरा ध्यान दिया जाता है। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले प्रशुक्षु को पंजीयन कराना अनिवार्य है। इसके अलावा तैराकी प्रशिक्षण शिविर में हिस्सा लेने वाले को जो शर्तें हैं उनका पालन करना होगा। श्री गुप्ता ने बताया कि प्रशिक्षण अवधि में कोई भी तैराक बिना अनुमति के पानी में प्रवेश नहीं करेगा। ना ही बिना एक्सरसाईज किए प्रवेश कर सकेगा। 30 अप्रैल के बाद किसी नए प्रशुक्षु को शामिल नहीं किया जाएगा। इसी के साथ लगातार 03 दिन तक अनुपस्थित रहने वाले खिलाड़ी को बिना सूचना के शिविर से बाहर कर दिया जाएगा। सभी प्रशिक्षणर्थियों को पूर्ण अनुशासन का पालन करना अनिवार्य रहेगा।

## विशिष्ट आवासीय विद्यालय में कक्षा 6वीं में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए प्रवेश परीक्षा आज

नर्मदापुरम( निप्र)। मध्यप्रदेश शासन जनजाति कार्य विभाग द्वारा मध्य प्रदेश स्पेशल एंड रेजिडेंशियल एकेडमिक समिति भोपाल अंतर्गत संचालित विशिष्ट आवासीय विद्यालयों (कन्या शिक्षा परिसर एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय एवं आदर्श आवासीय विद्यालय) में कक्षा छठवीं के शैक्षणिक सत्र 2024 -25 के लिए प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा 28 अप्रैल को प्रात: 11:00 से दोपहर 1:00 तक जिले में निर्धारित 7 केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। जिले में विकासखंड नर्मदापुरम अंतर्गत ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय बीटीआई नर्मदापुरम एवं कन्या शिक्षा परिसर पवारखेड़ा में प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार विकासखंड केसला अंतर्गत शासकीय उत्कृष्ट उच्च.माध्यमिक विद्यालय केसला, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पथरोटा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सनखेड़ा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुखतवा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जमानी में प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। संयुक्त आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग नर्मदापुरम ने उक्त जानकारी देते हुए बताया है कि आवेदक प्रवेश पत्र के लिए प्रवेश परीक्षा की दिनांक 28 अप्रैल 2024 तक विभागीय MPTAASC पोर्टल की वेबसाइट https://www.tribal.mp.gov.in/MPTAASC से डाउनलोड कर सकते हैं।

## सड़क हादसों में दो गंभीर घायल

छिंदवाड (आरएनएस)। पांढुर्णा में शनिवार दोपहर दो अलग अलग सड़क दुर्घटना में दो लोग गंभीर घायल हो गए। घायलों का इलाज जारी है, वहीं पुलिस मामले की जांच कर रही है। पहली दुर्घटना राजोराकला मार्ग पर हुई, जिसमें पिकअप ने बाइक सवार शास्त्री वार्ड निवासी अर्जुन सिंह भादा को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में अर्जुन के सिर और हाथ पर गंभीर चोट रहने के कारण उसे नागपुर रेफर किया गया है।

## बिजली ट्रांसफार्मर में घुसा डंपर, बाइक को कुचला

सागर,(आरएनएस)। जैसीनगर-भापेल मार्ग पर स्थित ग्राम सरखड़ी में रेत से भरा डंपर अनियंत्रित हुआ और सड़क किनारे लगे बिजली ट्रांसफर्मर को टक्कर मारते हुए बाइक को कुचल दिया। दुर्घटना में बाइक सवार पिता-पुत्री की जान बाल-बाल बच गई। क्योंकि घटना से कुछ ही मिनट पहले बेटी की जिंद पर पिता बाइक खड़ी करके दुकान पर टॉफी खरीदने गया था। घटना देख मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। गुस्साए ग्रामीणों ने घटना के विरोध में चक्काजाम कर दिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाइश देकर शांत कराया। डंपर को जब्त कर थाने में खड़ा कराया गया। जानकारी के अनुसार जैसीनगर-भापेल मार्ग पर शनिवार दोपहर जैसीनगर की ओर से तेज रफ्तार में आ रहा रेत से भरा डंपर ग्राम सरखड़ी के पास क्रासिंग करते समय अनियंत्रित हो गया।

# 45 भैंसों से भरे ट्रक को पुलिस ने पकड़ा

शिवपुरी,(आरएनएस)। कोतवाली पुलिस ने एक ट्रक से 45 भैंसों को बरामद किया है। ट्रक में भैंसों के अलावा 15 शराब की पेटी भी ट्रक से जब्त किया गया है।

इस मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर पशु क्रूरता अधिनियम, आवकारी एक्ट एवं मोटर व्हीकल एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। बताया गया है कि चारों आरोपी 15 शराब की पेटियों के साथ 45 भैसों को भरकर गुना से ग्वालियर की ओर किसी बूचड़खाने ले जा रहे थे।

कोतवाली प्रभारी रोहित दुबे ने बताया कि मवेशियों तस्करी कर ले जाए जाने की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना के बाद पुलिस टीम को सिंह निवास पुल के पास हाइवे पर पहुचाया था। जहां एक ट्रक क्रमांक MP 06 JD 9685 को रोककर तलाशी ली गई थी। तलाशी के दौरान ट्रक में 45 भैंसे एवं 15 देशी शराब की पेटी पुलिस ने बरामद की थीं।

ट्रक में चार लोग सवार थे। जिनके नाम शकील पुत्र सलीम खान उम्र 30 साल निवासी रिजौनी थाना कैलारस जिला मुरैना, आसिफ पुत्र कवीर मिया उम्र 19 साल निवासी इस्लामपुरा बार्ड नंबर 14 राहतगढ़ जिला सागर, इकराम पुत्र हमीद खांन उम्र 28 साल निवासी इस्लाम नगर वार्ड नंबर 5 थाना सादाबाद जिला हाथरस उ.प्र. और उवेश पुत्र मकसूद कुरैसी उम्र 19 साल निवासी इस्लाम पुरा वार्ड नम्बर 14 राहतगढ़ हैं।

पुलिस ने ट्रक और शराब की पेटियों को जब्त कर आरोपियों के खिलाफ चार आरोपियों को गिरफ्तार कर पशु क्रूरता अधिनियम, आबकारी एक्ट एवं मोटर व्हीकल एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# घंटा घर चौक में गूंजा नारा - 'हरदा नहीं है किसी से कम, वोट करेंगे हम'

## नर्सिंग विद्यार्थियों और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारियों ने निकाली रैली

हरदा (निप्र)। आगामी 7 मई को लोकसभा निर्वाचन के लिए मतदान संपन्न होगा। इससे पूर्व मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से जिले में प्रतिदिन कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। इसी क्रम में शनिवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा हरदा शहर में रैली आयोजित की गई । इस रैली में हरदा नगर के प्रमुख मार्ग व ऐतिहासिक घंटाघर चौक पर हरदा नहीं है किसी से कम, वोट करेंगे हम जैसे नारे लगाए गए। रैली में नर्सिंग स्टूडेंट, नर्सिंग ऑफिसर, चिकित्सा अधिकारी कर्मचारियों ने भाग लिया ।यह रैली जिला चिकित्सालय हरदा से रवाना होकर नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए ऐतिहासिक घंटाघर पहुँची जहाँ सिविल सर्जन डॉ. मनीष शर्मा ने मतदान के महत्व को बताते हुए सभी नागरिकों से 7 मई को लोकसभा निर्वाचन में भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया । रैली में डॉ. ब्रजेश रघुवंशी, डॉ राजेश सतीजा, डॉ. मोनू चौरे, डॉ आयुषी गुप्ता, डॉ जीनू मेरी, डॉ पूर्वी पटेल, आशीष साकल्ले सहित इंडियन मेडिकल एसोशिएशन के सदस्य व नर्सिंग स्टूडेंट शामिल हुए। रैली नगर के विभिन्न मार्गों से होती हुए जिला चिकित्सालय पहुँची, जहाँ पर सभी को स्वयं मतदान करने व अन्य लोगों को मतदान हेतु प्रेरित करने की शपथ दिलाई गई।



# सब्जी व्यापारी ने ट्रेन के सामने कूदकर दी जान

खंडवा, (आरएनएस)। एक सब्जी व्यापारी ने ट्रेन के सामने कूदकर सुसाइड कर लिया है। घटना शनिवार सुबह 6.33 बजे की है। मथेला स्टेशन से गोरखपुर-पुणे स्पेशल ट्रेन गुजर रही थी, तभी व्यापारी सामने आ गया। व्यापारी के साथ 10 दिन पहले खालवा थाना क्षेत्र में 86 हजार रुपए की लूट हुई थी। परिजन का आरोप है कि पुलिस शिकायत वापस लेने का दबाव बना रही थी। सब्जी व्यापारी शेख रफीक पिता बिस्मिल्लाह (60) बढ़ियातुला (जावर थाना क्षेत्र) का निवासी है। मृतक के परिजन का कहना है कि शेख रफीक करीब 30 साल से सब्जी का व्यवसाय करते थे। उनका व्यापार खालवा क्षेत्र के गुलाईमाल गांव की तरफ होता था। वे सब्जी के थोक एवं फुटकर व्यापारी थे। 17 अप्रैल को जब वे व्यापार कर घर लौट रहे थे, तभी गुलाई और धामा के बीच सुहागी कुंडिया नाले के पास उनके साथ लूट हुई थी। 6 नकाबपोश बदमाशों ने धारदार हथियार दिखाकर उनकी जेब में रखे 86 हजार रुपए छीन लिए थे ।इस घटना को लेकर रफीक काफी डरे हुए थे। उन्होंने खालवा थाने में शिकायत कराई कि उनके साथ लूट हुई है। पुलिस ने रिपोर्ट तो लिख ली, लेकिन बयान के लिए रोज थाने पर बुला रही थी। खालवा पुलिस दबाव बना रही थी कि शिकायत वापस ले लो। वो लोग मूंदी और जावर पुलिस से भी फोन लगवाते थे। कहते थे कि शिकायत वापस ले लो, वरना तुम्हारे बच्चों को झूठे केस में फंसवा देंगे।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से आलोक प्रेस तलैया भोपाल एवं श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 (नर्मदापुरम मो. 9926434695) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com